जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 17 संख्याः 215 प्रभात हिण्डौन सिटी, सोमवार 9 जून, 2025 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# मेरी आँख और कान तमिलनाडु पर हैं: अमित शाह

## अमित शाह ने 2026 के चुनाव में बंगाल व तमिलनाडु में भाजपा शासन का दावा किया

■ **केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हमारी सेना की पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर सर्जिकल स्ट्राइक ने तमिलनाडु में ''समर्थन की लहर'' पैदा की है। युवाओं के बीच कावेरी इंजन जैसी स्वदेशी रक्षा परियोजनाओं के बाद चर्चा को बढ़ावा मिला है।**

चेन्नई, 08 जून। तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां प्रसिद्ध मीनाक्षी अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर के प्रवेश द्वार पर पुजारियों और अधिकारियों ने पारंपरिक पूर्ण कुंभम सम्मान के साथ उनका स्वागत किया।

अमित शाह ने मदुरै में एक जोशीला भाषण दिया। इसमें उन्होंने कहा कि 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन सरकार बनाएगा। राजनीतिक संदेश से भरपूर भाषण में, अमित शाह ने न केवल तमिलनाडु में बल्कि पश्चिम बंगाल में भी भाजपा के आने की भविष्यवाणी की। शाह ने कहा, ''तमिलनाडु के लोग भ्रष्ट डीएमके शासन को उखाड़ फेंकने का इंतजार कर रहे हैं। 2026 में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में भाजपा का शासन निश्चित है। मेरी आंखें और कान तमिलनाडु पर हैं।''

गृह मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया और इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सैन्य दृढ़ता को दर्शाने वाला एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया। शाह ने कहा, ''जब पाकिस्तान ने मिसाइल और ड्रोन लॉन्च किए, तो हमारी प्रतिक्रिया ने दुनिया को भारत की ताकत दिखाई। हमारी सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर तक उड़ान भरी और सर्जिकल स्ट्राइक की।'' अमित शाह ने दावा किया कि इस मिशन ने तमिलनाडु में ''समर्थन की लहर'' पैदा की और कहा कि इसने कावेरी इंजन जैसी स्वदेशी रक्षा परियोजनाओं के बारे में युवाओं के बीच चर्चा को भी बढ़ावा दिया है।

सत्तारूढ़ डीएमके पर व्यापक भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलता का आरोप लगाते हुए, अमित शाह ने कहा, ''इस सरकार ने अपने चुनावी वादों में से 10 प्रतिशत भी पूरे नहीं किए हैं। उन्होंने स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार पर केंद्रीय निधियों का दुरुपयोग करने और प्रमुख विकास योजनाओं को लागू करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, ''मोदी के फंड तमिलनाडु के लोगों तक नहीं पहुंच रहे हैं; उन्हें डीएमके द्वारा डायवर्ट किया जा रहा है।'' उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ डीएमके ने अपने चुनावी वादों में से केवल 10 प्रतिशत ही पूरे किए हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को पूरे किए गए चुनावी वादों की सूची साझा करने की चुनौती दी और तमिल में इंजीनियरिंग शिक्षा सहित उच्च शिक्षा को बढ़ ावा देने के लिए राज्य की अनिच्छा पर सवाल उठाया।

2026 के तमिलनाडु चुनावों को एक महत्वपूर्ण युद्धक्षेत्र के रूप में पेश करते हुए, अमित शाह ने कहा, ''यह प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है। अपने हाथ उठाएं और जीत का संकल्प लें।''

डीएमके ने अमित शाह के दावों पर पलटवार किया। पार्टी के प्रवक्ता डॉ. सैयद हफीजुल्लाह ने कहा, ''यहां तक कि अमेरिका में भी भाजपा के सत्ता में आने की संभावना है, लेकिन तमिलनाडु में नहीं। 39000 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले पर कहा कि भाजपा काल्पनिक दुनिया में जी रही होगी।''

## सोनिया गांधी स्वस्थ, दिल्ली रवाना हुईं

■ **आईजीएमसी शिमला ने सोनिया गांधी की सभी जाँचों को सामान्य पाया था। वे 2 जून को शिमला आई थीं।**

शिमला, 08 जून। करीब एक सप्ताह पहले शिमला प्रवास पर आईं कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी रविवार को शिमला से वापस दिल्ली रवाना हो गईं हैं। वे सड़क मार्ग से चंडीगढ़ के शहीद भगत सिंह एयरपोर्ट गईं और वहां से दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और समर्थक एयरपोर्ट पहुंचे। राज्य वन निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची के बेटे कांग्रेस नेता मनजीत खाची भी मोहाली तक सोनिया गांधी के साथ गए।

ज्ञातव्य है कि शनिवार को शिमला में सोनिया गांधी की तबीयत खराब हो गई थी और उनका ब्लड प्रेशर बढ़ गया था। शिमला के आई. जी.एम.जी. अस्पताल में उनका चेकअप हुआ तथा जांचें सामान्य पाई गईं। फिर डॉक्टर ने उन्हें वापस भेज दिया था।

सूत्रों के अनुसार, सोनिया गांधी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सैटेलाइट इमेज ने पाकिस्तान के आदमपुर, भुज हमले की पोल खोली

## इमेजरी विश्लेषक ने कहा कि पाकिस्तान ने सैटेलाइट इमेज से छेड़छाड़ कर नकली फोटो जारी की थी

■ **शीर्ष इमेजरी विश्लेषक डेमियन साइमन ने बताया कि कैसे पाकिस्तान ने चीनी सैटेलाइट फर्म की मदद से ली गई तस्वीरों में हेरफेर कर झूठी तस्वीरें पेश कीं।**

नई दिल्ली, 08 जून। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह मात खा चुके पाकिस्तान की एक और करतूत सामने आई है। पाकिस्तान ने आदमपुर और भुज एयरबेस पर हमले का दावा किया था। अब सामने आई तस्वीरों में पाकिस्तान एक बार फिर बेनकाब हो गया है। दरअसल, पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने भारत के आदमपुर एयरबेस पर सुखोई-30, भुज एयरबेस पर एस-400 को नुकसान पहुंचाया है। उसने अपने दावे का समर्थन करने के लिए सैटेलाइट इमेज से छेड़छाड़ कर नकली तस्वीरें साझा की थीं। लेकिन शीर्ष इमेजरी विश्लेषक डेमियन साइमन ने पाकिस्तान की पोल खोलकर रख दी है।

साइमन ने बताया कि कैसे पाकिस्तान ने चीनी सैटेलाइट फर्म की मदद से ली गई तस्वीरों से छेड़छाड़ और हेरफेर कर झूठी तस्वीरों को पेश किया है। साइम ने कहा कि समीक्षा करने पर पता चला कि यह तस्वीर संघर्ष से पहले की है और वास्तव में इसमें नियमित रखरखाव से गुजर रहे मिग-29 को दिखाया गया है।

इसी तरह भुज में भारतीय एस-400 रडार सिस्टम को नष्ट करने का दावा करते हुए पाकिस्तान ने एक और तस्वीर प्रसारित की। तस्वीर में सैन्य बेस एप्रन पर काले धब्बे दिखाई दे रहे थे। विश्लेषण करने पर पता चला कि ये तेल के धब्बे या वाहन रखरखाव यार्ड से हो रहे ईंधन रिसाव था। यह तस्वीर भी भारत-पाकिस्तान के बीच हुए टकराव से काफी पहले खींची गई थी और इसका किसी हमले से कोई संबंध नहीं था।

इसी तरह नलिया एयरबेस और जम्मू के एयरपोर्ट पर हमले का दावा भी झूठा निकला। साइमन ने बताया कि श्रीनगर एयरपोर्ट पर नागरिक एप्रन को दिखाने वाली धुंधली छवि का इस्तेमाल बम से हुए नुकसान का संकेत देने के लिए किया गया। अलग-अलग दिनों में ली गई कई स्पष्ट सैटेलाइट छवियों से साइट पर कोई बदलाव नहीं दिखा। पाकिस्तान की ओर से फैलाई जा रही छवि गलत तरीके से पेश की गई थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र की संदिग्ध मौत

## मध्य प्रदेश से 15 दिन पहले आया छात्र हॉस्टल की चौथी मंजिल से नीचे गिरा

■ **चर्चा है कि यह हॉस्टल कांग्रेस के एक बड़े नेता का है तथा कोचिंग संस्थान इसे संचालित करता है।**

■ **छात्र ने अस्पताल में कुछ देर के उपचार के बाद ही दम तोड़ दिया। पुलिस जाँच कर रही है कि यह हादसा है या आत्महत्या।**

कोटा, 8, जून (निसं)। राजस्थान में कोटा शहर के विज्ञान नगर थाना इलाके में एक हॉस्टल में रह रहे छात्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हुई है। छात्र घायल अवस्था में निजी अस्पताल पहुंचा था जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस कॉमर्स कॉलेज चौराहे स्थित निजी अस्पताल में कुछ देर बच्चे का उपचार चला उसके बाद उसने दम तोड़ दिया। छात्र के शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट कर दिया गया है।

छात्र मूल रूप से मध्यप्रदेश के विदिशा शहर का निवासी है और करीब 10 से 15 दिन पहले ही कोटा आया था। जानकारी के अनुसार यह हॉस्टल कांग्रेस के बड़े नेता का है जिसे कोचिंग संस्थान ही संचालित कर रहा था। बताया जा रहा है कि छात्र फिसल कर सीढ़ी से गिर गया था। इसके बाद सीधा चार मंजिल से नीचे आकर धड़ाम से गिर गया। जिसके बाद तत्काल उसे अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस उपअधीक्षक लोकेंद्र पालीवाल ने बताया कि छात्र के बालकनी से गिरने की सूचना मिली थी। परिजनों को सूचित कर दिया गया है तथा जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह हादसा है या आत्महत्या। अस्पताल पहुंचे हैड कांस्टेबल रूप सिंह ने बताया कि छात्र मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रहा था तथा घटना की जानकारी अस्पताल मिली थी। हैड कांस्टेबल के अनुसार, बताया गया हैं कि छात्र सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गया है। वह गिरा है या कोई अन्य मामला है। इस संबंध में जांच की जा रही है। मौका स्थल भी हमने नहीं देखा है। कितनी ऊंचाई से गिरा है अभी जानकारी फिलहाल नहीं है।

हैड कांस्टेबल का कहना है कि जब पुलिस अस्पताल पहुंची तब छात्र गंभीर रूप से घायल था और बात करने की स्थिति में नहीं था। आधे घंटे बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस संबंध में छात्र के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम और अन्य कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल पर जाकर अभी नहीं देखा है। ऐसे में वहां जाकर भी पूरे मामले की जांच की जाएगी।

## 'प्रधानमंत्री मोदी ने 11 साल में एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की'

■ **कांग्रेस ने सवाल उठाया कि वे प्रेस के सीधे सवालों का जवाब क्यों नहीं देते।**

नयी दिल्ली, 08 जून। कांग्रेस ने लंबे समय बाद रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रेस के सीधे सवालों का सामना नहीं करने का मुद्दा उठाया और कहा कि 11 साल से किसी शासनाध्यक्ष का प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करना औचित्य पूर्ण नहीं है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां एक बयान में कहा कि हर देश के शासनाध्यक्ष समय-समय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते ही हैं। पर, हमारे प्रधानमंत्री को प्रेस के सीधे सवालों का सामना किए हुए 11 साल हो चुके हैं।

उन्होंने कहा,पिछले साल चुनाव प्रचार के दौरान मोदी ने मीडिया इंटरैक्शन को एक शो की तरह प्रोड्यूस, डायरेक्ट और स्क्रिप्ट किया - जिसमें उन्होंने खुद को नॉन-बायोलॉजिकल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुख्यमंत्री भजनलाल आज पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर की लिफ्ट का उद्घाटन करेंगे

## वे 1100 महिलाओं की कलश यात्रा को रवाना करेंगे व आमसभा को भी संबोधित करेंगे

अजमेर/ पुष्कर, (कासं), 8 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को तीर्थ नगर पुष्कर में विभिन्न कार्यक्रमों में शिकरत करेंगे। भजनलाल शर्मा के दौरे के मद्देनज़र जिला व पुलिस प्रशासन व्यवस्थाओं को अंजाम देने में लगा हुआ है।

कार्यक्रम के मुताबिक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हेलीपेड से सीधे जगत पिता ब्रह्मा मंदिर जाएंगे। इसके पश्चात पुष्कर सरोवर के ब्रह्म घाट पर पूजा-अर्चना करेंगे व वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान की कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कलश यात्रा में करीब 1100 महिलाएं कलश लेकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई सभा स्थल मेला मैदान पहुंचेगी। पुष्कर सरोवर में पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मेला स्टेडियम में आयोजित विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा*

पुष्कर यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ब्रह्मा मंदिर में दिव्यांग व बुजुर्ग श्रद्धालुओं की सुविधार्थ भामाशाह एमपी मानसिंहका चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा डेढ़ करोड़ की लागत से ब्रह्मवाटिका में निर्मित लिफ्ट का उद्घाटन करेंगे। प्रशासन ने पिछले साल नवंबर में पुष्कर मेले में बिना उद्घाटन के लिफ्ट का संचालन शुरू कर दिया था, तभी से लिफ्ट चालू है। मगर विधिवत उद्घाटन सोमवार को सीएम के हाथों होगा।

■ **कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत ने जिला प्रशासन के साथ मुख्यमंत्री की यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया।**

वंदे गंगा जल संरक्षण जल अभियान के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नौ जून को पुष्कर दौरे की तैयारियों को लेकर आरटीडीसी पुष्कर में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दिल्ली-राजस्थान में तापमान 44 डिग्री पहुँचेगा

■ **मौसम विभाग के अनुसार, 3-4 दिन गर्मी तेज रहने की संभावना है।**

नई दिल्ली, 08 जून। दिल्ली में चुभती-जलती गर्मी का मौसम आ गया है। सूरज ने आग उगलना शुरू कर दिया है। यह तपिश अगले 3 से 4 दिन लगातार बढ़ेगी। तापमान इस दौरान 44 डिग्री तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में 9 और 10 जून को भी धूल भरी तेज हवाएं चलेंगी। दोनों दिन अधिकतम तापमान 41 से 44 और न्यूनतम तापमान 26 से 29 डिग्री तक रह सकता है। इसके बाद 12 और 13 जून को आंशिक बादल दिखाई दे सकते हैं। अधिकतम तापमान इस दौरान 41 से 44 डिग्री तक रहेगा। वहीं न्यूनतम तापमान भी 26 से 29 डिग्री तक रह सकता है। यानी 13 जून तक गर्मी से राहत के कोई आसार नहीं है।

राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद अब प्रचंड गर्मी का दौर फिर से शुरू हो गया है। तेज धूप खिलने से तापमान में तेजी से बढोतरी हो रही है और प्रदेश के कई जिलों में लू भी चलने की संभावना है। पिछले दिनों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सरकार के ड्राफ्ट से नाराज़ गुर्जरों के एक समूह ने पीलूपुरा में ट्रेन रोकी

## दिल्ली-मुम्बई रेलवे ट्रैक पर दो घंटे जाम रहा, प्रशासन की समझाइश के बाद प्रदर्शनकारी हटे

भरतपुर, 8 जून (निस)। राजस्थान में गुर्जर महापंचायत खत्म होने के बाद समाज के लोगों ने भरतपुर के पीलूपुरा में ट्रेन रोक दी। भीड़ पटरियों पर पहुंची और मथुरा सवाईमाधोपुर पैसेंजर ट्रेन संख्या 54794 को रोक दिया। दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक को दो घंटे तक जाम किया।

इतना ही नहीं, प्रदर्शनकारियों ने पटरी उखाड़ने की भी कोशिश की। मौके पर पहुंचे आईजी राहुल प्रकाश, कलेक्टर तथा एसपी ने प्रदर्शनकारियों से समझाइश की और शाम करीब 7 बजे ट्रैक को खाली कराया। ट्रैक महापंचायत स्थल से मात्र डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर था। पूर्व के आंदोलनों में भी इस ट्रैक को कई बार जाम किया जा चुका है।

इससे पहले आरक्षण सहित कई मांगों को लेकर भरतपुर के बयाना इलाके के कारवारी शहीद स्मारक (पीलूपुरा) पर रविवार को हुई महापंचायत में सरकार ने मांगों को लेकर ड्राफ्ट भेजा था। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक विजय



*भरतपुर के पीलूपुरा में गुर्जर महापंचायत खत्म होने के बाद गुर्जर समाज के एक समूह ने सरकार के मसौदे का विरोध किया और नाराज होकर रविवार शाम साढ़े 4 बजे दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक को दो घंटे तक जाम कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पटरी उखाड़ने की भी कोशिश की। आईजी राहुल प्रकाश, कलेक्टर तथा एसपी ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से समझाइश की और शाम करीब 7 बजे ट्रैक को खाली कराया।*

■ **पीलूपुरा महापंचायत में मांगों के बारे में सरकार का ड्राफ्ट पढ़कर सुनाया गया, जिस पर महापंचायत ने सहमति व्यक्त की। पर, सरकार के ड्राफ्ट से अनेक लोग नाराज़ हुए और उन्होंने रविवार को साढ़े चार बजे ट्रैक को जाम कर दिया।**

बैंसला ने लोगों को वह पढ़कर सुनाया। समाज की सहमति के बाद महापंचायत को समाप्त कर दिया गया। इससे बाद अनेक लोगों ने सरकार के मसौदे का विरोध किया और नाराज होकर रविवार शाम साढ़े 4 बजे रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया। गुर्जर समाज ने सरकार को आज (रविवार) दोपहर तक का अल्टीमेटम दिया था।

पटरियों पर बैठे युवाओं को समझाइश के बाद महापंचायत वाली जगह पर बुलाया गया। यहां भरतपुर आईजी राहुल प्रकाश, करौली कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय और यूपी के सपा विधायक अतुल प्रधान मौजूद थे। यहां लोगों से समझाइश की गई।

भरतपुर कलेक्टर अमित यादव ने बताया कि जो युवक पटरी पर गए थे, उनको हटा दिया है। यूपी के सपा विधायक अतुल प्रधान की समझाइश पर आंदोलनकारी युवाओं ने ट्रैक खाली कर दिया है, रेलवे की टीम ट्रैक को चैक कर उसे चालू कर देगी।

पीलूपुरा में आयोजित गुर्जर समाज की महापंचायत में हजारों की संख्या में लोग जुटे। दोपहर 2 बजे तक महापंचायत का पंडाल पूरी तरह खचाखच भर चुका था। भीषण गर्मी के बावजूद लोगों में पंचायत को लेकर खासा उत्साह नजर आया।

## असम में बाढ़ के हालात में सुधार

■ **ब्रह्मपुत्र नदी में नौका सेवाएं आशिंक रूप से शुरु। सिक्किम में लोगों को निकालने के लिए हैलिकॉप्टर लगाया।**

गुवाहाटी, 08 जून। असम में बाढ़ के हालात में कुछ सुधार हुआ है और प्रभावित आबादी की संख्या और क्षेत्र में कमी आई है। हालांकि 12 जिलों के 3.37 लाख लोग अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं। असम में इस साल बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों का आंकड़ा शनिवार को बढ़ कर 23 हो गया, जिनमें से छह लोग भूस्खलन की चपेट में आकर मरे हैं। नदियों का जलस्तर भी घट रहा है, लेकिन अभी भी कुछ जगहों पर नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

बाढ़ और नदी के जलस्तर को देखते हुए बीते सप्ताह ब्रह्मपुत्र नदी में नौका सेवाएं बंद कर दी गईं थीं, लेकिन अब इन्हें आंशिक रूप से फिर से शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य भी बाढ़ से प्रभावित हैं।

सिक्किम सरकार ने राज्य के उत्तरी हिस्से में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

अत्याचार और भय दोनों कायरता के दो पहलू हैं। –अज्ञात

# ट्रैफिक समस्याएं : कारण, परिणाम और समाधान

स्वाधीनता प्राप्त के बाद हमारे देश की आम ज़िंदगी में जो बडे बदलाव आए हैं उनमें शहरीकरण सबसे ख़ास है। अतीत में भारत को गांवों का देश कहा और माना जाता था। महाकवि सुमित्रानंदन पंत ने तो अपनी एक कविता में भारत माता को ही ग्रामवासिनी कहा था। लेकिन अब ऐसी बातें केवल कविताओं तक सीमित रह गई हैं। अब हर कोई गांव से निकल कर शहर में और शहर से निकल कर महानगर में बस जाना चाहता है। यही देखिए कि जहां सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की शहरी आबादी केवल 31 प्रतिशत थी, सन् 2025 के प्रारम्भ में वह बढ़कर 37.1 प्रतिशत हो गई है और सन् 2030 तक उसके बढ़कर 40 प्रतिशत को पार कर जाने का अनुमान है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग शिक्षा, रोज़गार, स्वास्थ्य सुविधाओं और चमक-दमक तथा सुविधा भरे जीवन की चाह में शहरों की तरफ बढ़े आ रहे हैं। स्वभावत: इस बदलाव का सीधा असर शहरों के आधारभूत ढांचे पर पड़ा है और यहां की ज़िंदगी में अनेक असुविधाएं सर उठाने लगी हैं।

इन असुविधाओं में सबसे ख़ास है ट्रैफिक की समस्या। सड़कों पर वाहनों की रेलमपेल, वाहनों के हॉर्न की कर्कश आवाज़ें, और बार-बार लगता ट्रैफिक जाम आम हो चले हैं। अपने शहर जयपुर को ही देखता हूं तो पाता हूं कि आज से दस बरस पहले कहीं भी जाना-आना जितना सुगम था आज उतना सुगम नहीं रह गया है। जिस द्रुत गति से यहां वाहन बढ़ते जा रहे हैं, अगर वही गति बनी रही तो अगले चार-पांच सालों में हमारी सड़कें उतने वाहनों को स्वीकार करने से ही मना कर देंगी। सोचिए जो सड़क दस गाडियों के लिए बनी थी उस पर अगर सौ गाडियां उतर जाएंगी तो क्या हाल होगा? आज पूरे शहर में यही हाल नज़र आता है। गाडियां एक दूसरी से चिपक कर चलने को मज़बूर हैं। बेचारे पैदल चलने वालों, साइकिल सवारों और यहां तक कि दुपहिया चालकों के लिए तो सड़क पर कोई जगह बची ही नहीं है। इस भीड़ भाड़ के, और वाहनों के बढ़ते जा रहे बोझ के अनेक दुष्परिणाम नज़र आने लगे हैं। आइये, इन पर एक-एक करके विचार करें।

आर्थिक संपन्नता (भले ही सबकी न होकर कुछ की ही हो) और सुलभ ऋण सुविधाओं के कारण आज पहले से कहीं ज़्यादा लोग अपने वाहन खरीदने लगे हैं। ये न केवल सुविधा के लिए खरीदे जा रहे हैं, स्टेट्स सिंबल के प्रदर्शन के लिए भी इन्हें खरीदा जाता है। बिना ज़रूरत भी लोग दिखावे के लिए बड़े वाहन खरीदने लगे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय कार बाज़ार में छोटी कारों की बिक्री घट और बड़ी कारों की बिक्री बढ़ रही है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सन् 2010 की तुलना में 2023 तक आते-आते वाहनों की संख्या दुगुनी हो चुकी थी। सन् 2003 में जहां केवल 6.7 करोड़ मोटर वाहन पंजीकृत थे, 2022 तक आते-आते उनकी संख्या बढ़कर 35.4 करोड़ हो गई थी। यह वृद्धि 528 प्रतिशत थी। अगर हम दुपहिया वाहनों की बात करें तो यही देख लें कि सन् 2003 के 4.75 करोड़ दुपहिया वाहन 2022 तक आते-आते 26.3 करोड़ हो गए। यह वृद्धि 555 प्रतिशत थी। सन् 2022 तक अकेले राजस्थान में ही 2.3 करोड़ से अधिक वाहन पंजीकृत थे। वैसे बिना आंकड़ों के भी यह जाना जा सकता है कि जिस गति से जनसंख्या और वाहन बढ़े हैं, लोग गांवों से शहरों में आए हैं, उस गति से शहरों के बुनियादी ढांचे का विकास नहीं हुआ है। बहुत जगहों पर जो सड़कें हैं वे इतने भारी ट्रैफिक को सम्हालने के लिए बनी ही नहीं हैं। जयपुर के चार दीवारी वाले इलाके को ही देख लीजिए। उन पर चलते वाहन उन सड़कों पर भीषण अत्याचार हैं। बेशक इन बरसों में सड़कें चौड़ी की गई हैं, नई बनी हैं और फ्लाईओवर तथा अंडरपास भी बने हैं, लेकिन ज़रूरत के अनुपात में ये ऊंट के मुंह में जीरा वाली बात को चरितार्थ करते हैं। जो सड़कें हैं वे अतिक्रमण और बदहाली का शिकार भी हैं उनका समुचित रख-रखाव होता नहीं है। थोड़ी बारिश होते ही उनमें गड्ढे पड़ जाते हैं जो अगले तीन-चार महीनों तक हमारा मुंह चिढाते रहते हैं, जुलूस, शोभा यात्राएं, धरने प्रदर्शन, विभिन्न विभागों द्वारा उन सड़कों की खुदाई और वीआईपी मूवमेंट इन सड़कों का पूरा लाभ लोगों तक पहुंचने में अवरोधक बनते हैं।

इस बात को स्वीकार करने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए कि हममें नागरिक बोध की कमी है। सड़कों पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन आम है। लोग लेन में चलना पसंद नहीं करते और जैसे भी हो आगे निकलने की कोशिश में रहते हैं। इन कारणों से प्राय: यातायात अवरुद्ध होता रहता है। अगर सारे वाहन व्यवस्थित रूप से चलते रहें तो धीमी गति से ही सही यातायात चलता रहे, लेकिन अगर एक भी वाहन इस क्रम को तोड़ता है तो पूरा रास्ता रुक जाता है – और ऐसा हमारे यहां होना आम है। अगर लाल बत्ती पर सिपाही न खड़ा हो तो शायद ही कोई वाहन वहां रुके। अगर सिपाही खड़ा भी तो बहुत सारे लोग उससे लड-भिड़ कर रेड लाइट जंप कर जाते हैं। सीट बेल्ट और हेलमेट न लगाकर लोग ख़ुद अपनी ज़िंदगी से जो खिलवाड़ करते हैं, उसकी तो बात ही क्या की जाए! इन सब बातों से भी ट्रैफिक निर्बाध नहीं चल पाता है। अतिक्रमण और पार्किंग की वजह से सड़कों की चौड़ाई बहुत कम हो गई है, जिसका सीधा असर ट्रैफिक पर पड़ रहा है।

> **सरकार को दो बातों पर तुरंत ध्यान देना चाहिए। एक तो सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुदृढ़ बनाया जाए और लोगों की ज़रूरतों के अनुसार बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा सुलभ कराई जाए। दुनिया के बहुत सारे देश तो अपने नागरिकों को निःशुल्क स्थानीय सार्वजनिक परिवहन सुलभ कराते हैं। हम इतना तो कर ही सकते हैं कि वाज़िब मूल्य पर सार्वजनिक परिवहन सुलभ करा दें। इससे निजी वाहनों का प्रयोग घटेगा, जिसके अनेक सुपरिणाम सामने आएंगे।**

इन सब बातों के कारण यातायात के बढ़ने और उसके अवरुद्ध होने से होने वाली परेशानियां बहुत कम हो सकती थीं, अगर हमने सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मज़बूत बनाने की फ़िक्र की होती। दुर्भाग्य से हमारे शासन की प्राथमिकताओं में यह बात है ही नहीं। वह उल्टे-सीधे कामों में पैसा नष्ट कर सकता है लेकिन सार्वजनिक परिवहन की बात करते ही उसे अपनी दरिद्रता याद आ जाती है। फिर जयपुर की तरफ देखें। बरसों पहले एक तुग़लकी फरमान द्वारा कुछ मुख्य सड़कों पर भारी राशि खर्च कर बीआरटीएस कॉरीडोर बनाया गया, जिसका कोई उपयोग नहीं हुआ। अब उसे पहले से ज़्यादा राशि खर्च कर हटाया जा रहा है। जयपुर में एक समय खूब सारी सिटी बसें थीं, कुछ वातानुकूलित भी थीं। अब वे कबाड़ हो चुकी हैं। नई बसें चलाना किसी की प्राथमिकता में नहीं है। अगर शहर में सिटी बसों का जाल बिछा दिया जाए तो निजी वाहनों की भीड़ थोडी कम हो सकती है। इधर मेट्रो के विस्तार की बात चल रही है। लेकिन जब तक सपना यथार्थ में बदलेगा, हमारी ज़रूरतें उससे काफी ज़्यादा बढ़ चुकी होंगी।

इस लगातार बढ़ती जा रही ट्रैफिक समस्या के अनेक दुष्परिणाम हमारे सामने हैं। पहला दुष्परिणाम तो समय और उत्पादकता की क्षित है। टॉमटॉम इंडेक्स, 2023 के अनुसार बेंगलुरु वासियों ने एक साल में औसतन 132 घण्टे ट्रैफिक में बिताए। माना जाता है कि एक भारतीय वाहन चालक साल में औसतन 135 घण्टे ट्रैफिक जाम में फंसा रहता है। ये घण्टे पचास कार्य दिवसों के बराबर होते हैं। इसी इंडेक्स के अनुसार बेंगलुरु में दस किलोमीटर की दूरी तय करने में सामान्यत: तीस मिनिट लगते हैं। अगर यह समय कम हो जाए तो निश्चय ही उत्पादकता में वृद्धि होगी। ट्रैफिक में जब आप अटक जाते हैं तो उसका सीधा असर आपकी सेहत पर भी पड़ता है आपका गुस्सा और चिड़चिडाहट बढ़ जाते हैं। तनाव, चिन्ता और थकन में वृद्धि होती है। ट्रैफिक जाम में फंस जाने से अनेक दफा एम्बुलेंस या अन्य इमरजेंसी सेवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ता है। भीड़ भाड़ की वजह से दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है और छोटी-छोटी बातों पर झगड़े तो ख़ैर आम हैं ही। यातायात की इस कुदशा से प्रदूषण भी बढ़ता है क्योंकि रुक रुक कर वाहन चलते हैं तो अधिक ईंधन खर्च होता है। आंकड़े बताते हैं कि ट्रैफिक जाम की वजह से सन 2019 में भारत को 22 अरब डॉलर का नुकसान हुआ और 2030 तक आते-आते यह नुकसान 37 अरब डॉलर तक जा पहुंचेगा। प्रदूषण हमारे स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है।

ख़राब सड़कों और ख़राब ड्राइविंग तथा ऐसे ही अन्य अनेक कारणों की वजह से सन 2023 में भारत में सड़क दुर्घटनाओं से 1,72,000 से ज़्यादा लोग काल के गाल में समा गए। इसे यों भी समझ सकते हैं कि प्रति दिन 474 लोगों ने या फिर हर तीन मिनिट में एक व्यक्ति ने अपनी जान गंवाई। यह बात भी ग़ौर तलब है कि 2015 से 2022 तक आते-आते शहरी क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। बहुत पहले, 2012 में अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ ने अनुमान लगाया था कि सड़क दुर्घटनाओं से भारत को हर साल 20 अरब डॉलर या एक लाख करोड़ रुपये की हानि उठानी पड़ रही है, जिसमें पीड़ित, संपत्ति और प्रशासनिक व्यय शामिल हैं। अब तक तो यह क्षित कई गुना ज़्यादा हो चुकी होगी।

ये स्थितियां ऐसी नहीं हैं जिन्हें बदला नहीं जा सकता है। बात केवल प्राथमिकताओं के निर्धारण की और सही नीयत से निष्ठापूर्वक काम करने की है। सरकार को दो बातों पर तुरंत ध्यान देना चाहिए। एक तो सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुदृढ़ बनाया जाए और लोगों की ज़रूरतों के अनुसार बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा सुलभ कराई जाए। दुनिया के बहुत सारे देश तो अपने नागरिकों को निशुल्क स्थानीय सार्वजनिक परिवहन सुलभ कराते हैं। हम इतना तो कर ही सकते हैं कि वाज़िब मूल्य पर सार्वजनिक परिवहन सुलभ करा दें। इससे निजी वाहनों का प्रयोग घटेगा, जिसके अनेक सुपरिणाम सामने आएंगे। इसी के साथ हमें अपने बुनियादी ढांचे का बहुत द्रुत गति से विस्तार और विकास करना होगा। आगामी दस बरसों की ज़रूरत को ध्यान में रखकर सड़कें, ओवरब्रिज, फ्लाईओवर बनाए जाएं, और यह सुनिश्चित किया जाए कि उनका निर्माण समय पर हो। तीसरी बात यह कि लोगों को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए पाबंद किया जाए। उल्लंघन करने वालों को कड़ा दंड देकर भविष्य में ऐसा न करने की सीख दी जाए। अपने परिवहन को सुधारने के लिए आधुनिक तकनीक की भी मदद ली जानी चाहिए। अगर कहीं ट्रैफिक जाम है तो सड़कों पर इस बात की सूचना प्रदर्शित की जाए और एफएम रेडियो प्रसारण का भी इसके लिए प्रयोग किया जाए। इनके अलावा, इस बात पर भी विचार किया जाना चाहिए कि उपलब्ध सड़क तंत्र के अनुरूप क्या वाहनों की बिक्री को नियंत्रित किया जा सकता है? दुनिया के बहुत सारे देश यह करते हैं। फिर, हर जगह से अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में अतिक्रमण न हो। सड़क पर वाहन खड़े करने से सड़कों की चौड़ाई कम रह जाती है। इस समस्या का समाधान बहु मंज़िला पार्किंग विकसित करके किया जाना चाहिए।

असल में यह समस्या बड़ी है लेकिन ऐसी भी नहीं है कि इसका कोई समाधान संभव नहीं है। बात केवल सरकार की नीयत, दूरदर्शिता और इच्छा शक्ति की है। इसके लिए नागरिकों को भी अपनी सरकार पर दबाव बनाना होगा।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# वन नेशन, वन स्टॉक एक्सचेंज - क्या समय आ गया है बीएसई और एनएसई के विलय का?



सुनील दत्त गोयल

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, और हमारे देश का शेयर बाजार इस ग्रोथ की रीढ़ जैसा है। निवेश, कारोबार और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी के लिए एक मजबूत स्टॉक एक्सचेंज सिस्टम बहुत जरूरी है। फिलहाल भारत में दो बड़े स्टॉक एक्सचेंज हैं -बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई)। दोनों ने पिछले कई सालों में लोगों को निवेश के बारे में जागरूक किया, पारदर्शिता दी और एक अच्छा, भरोसेमंद शेयर बाजार सिस्टम खड़ा किया। दोनों की स्थापना और विकास की कहानी अलग-अलग है, लेकिन दोनों ने देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बीएसई की स्थापना 1875 में हुई थी, जो इसे एशिया का सबसे पुराना और दुनिया के सबसे पुराने स्टॉक एक्सचेंजों में से एक बनाती है। वहीं एनएसई की शुरुआत 1992 में हुई, जिसे भारतीय वित्तीय संस्थानों जैसे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन, जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया ने मिलकर प्रमोट किया था।

मगर अब समय आ गया है कि एक बड़ा प्रश्न पूछा जाए – क्या भारत को वन नेशन, वन स्टॉक एक्सचेंज मॉडल अपनाना चाहिए? यह सवाल अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक सुधार और नीतिगत निर्णयों की सूची में सबसे ऊपर होना चाहिए। यह एक ऐसा निर्णय हो सकता है जो भारत को वैश्विक पूंजी बाजारों में अग्रणी भूमिका में लाकर खड़ा कर दे।

**एक झलक दोनों स्टॉक एक्सचेंजों की**

निवेशकों की संख्या की बात करें तो बीएसई के पास लगभग 12 करोड़ निवेशक खाते हैं जबकि एनएसई के लगभग 8 करोड़ निवेशक खाते हैं। यह दर्शाता है कि दोनों एक्सचेंजों का निवेशक आधार बहुत बड़ा और व्यापक है।

लिस्टेड कंपनियों की संख्या के मामले में बीएसई आगे है, जिसमें 5,595 से अधिक कंपनियां सूचीबद्ध हैं, जबकि एनएसई में लगभग 2,266 कंपनियां लिस्टेड हैं। बीएसई के प्रमुख सूचकांकों में सेंसेक्स, बीएसई 100, बीएसई 500, मिडकैप, और स्मॉलकैप शामिल हैं, जबकि एनएसई का मुख्य सूचकांक निफ्टी 50 है, बैंक निफ्टी, साथ ही निफ्टी नेक्स्ट 50 और निफ्टी 500 जैसे सूचकांक भी प्रचलित हैं।

दोनों एक्सचेंजों की बड़ी और प्रमुख लिस्टेड कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एलआईसी जैसी बड़ी कंपनियां लिस्टेड हैं। ये कंपनियां दोनों एक्सचेंजों पर लिस्टेड हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। इन दोनों एक्सचेंजों पर लिस्टेड कंपनियों में काफी ओवरलैप है, यानी कई कंपनियां दोनों जगह सूचीबद्ध हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, लगभग 1,800 से 2,000 कंपनियाँ ऐसी हैं जो बीएसई और एनएसई दोनों पर लिस्टेड हैं। इस दोहरी लिस्टिंग की वजह से कंपनियों को दोहरी फीस और अनुपालन की जटिलताओं का सामना करना पड़ता है, जो विलय की जरूरत को और भी मजबूत बनाता है।

बीएसई भारत इंटरनेशनल एक्सचेंज (इंडिया आईएनएक्स) का भी संचालन करता है, जो भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंज है और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

मार्केट कैपिटलाइजेशन की बात करें तो बीएसई का कुल बाजार पूंजीकरण लगभग 4.27 लाख करोड़ (लगभग 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) के आसपास है, जबकि एनएसईका मार्केट कैपिटलाइजेशन इससे थोड़ा अधिक है, जो 5 लाख करोड़ (लगभग 6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) के करीब पहुंच चुका है। हालांकि, एनएसई के पास भारत का सबसे बड़ा डेरिवेटिव्स और कैश मार्केट सेगमेंट है और यह वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा वॉल्यूम वाला डेरिवेटिव्स एक्सचेंज माना जाता है। यह अंतर दोनों एक्सचेंजों की ट्रेडिंग वॉल्यूम और कंपनियों की संख्या में अंतर को दर्शाता है। भारत और विदेशों में दोनों एक्सचेंजों के हजारों ट्रेडिंग टर्मिनल्स मौजूद हैं, जो निवेशकों और ट्रेडर्स को बाजार से जोड़ते हैं। यह कहा जा सकता है कि दोनों एक्सचेंजों की पहुंच देश के कोने-कोने तक फैली हुई है।

कुल कारोबार की बात करें तो बीएसई में 2024-25 के दौरान कुल कारोबार 1.58 ट्रिलियन के आसपास रहा, जिसमें रोजाना औसत इक्विटी टर्नओवर 5,000 से 7,000 करोड़ के बीच था। वहीं एनएसई दुनिया का सबसे बड़ा डेरिवेटिव एक्सचेंज है, जहां रोजाना औसत इक्विटी टर्नओवर 70,000 से 80,000 करोड़ तक पहुंचता है और कुल कारोबार लाखों करोड़ रुपये में होता है। दोनों एक्सचेंजों का इतिहास गौरवशाली है, लेकिन इनके बीच अत्यधिक दोहराव भी देखा जाता है – तकनीकी आधारभूत ढांचा, मानव संसाधन, क्लियरिंग कॉर्पोरेशन, रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया, और निवेशक सेवा से लेकर नियामकीय अनुपालन तक।

तो फिर सवाल ये है – क्या दो स्टॉक एक्सचेंज रखना ज़रूरी है? या फिर समय आ गया है कि हम एक संयुक्त, मजबूत और पारदर्शी ;इंडियन स्टॉक एक्सचेंज; या भारतीय पूँजी बाज़ार की तरफ बढ़ें?

**वन नेशन, वन स्टॉक एक्सचेंज; के संभावित लाभ**

1. व्यापार में सरलता---जब निवेशकों और ट्रेडर्स को अलग-अलग सिस्टम, शुल्क संरचनाओं, नियमों और टेक्निकल पोर्टलों से नहीं जूझना पड़ेगा, तो उनका अनुभव सहज होगा। इससे छोटे और मध्यम निवेशकों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

2. तरलता (लिक्विडिटी) में इज़ाफा---एकीकृत स्टॉक एक्सचेंज से सभी ऑर्डर और वॉल्यूम एक ही जगह पर केंद्रित होंगे, जिससे शेयरों में बाय-सेल स्प्रेड कम होंगे और वोलाटिलिटी भी घटेगी। इससे नए निवेशकों को बाज़ार में प्रवेश करना आसान होगा।

3. कर्मचारियों और संसाधनों का समेकन---कर्मचारियों के लिए भी यह विलय कोई खतरा नहीं है, बल्कि अवसर है। दोनों एक्सचेंजों के कर्मचारियों को नई तकनीकों के अनुरूप पुन: प्रशिक्षण (रि- स्किलिंग) दिया जाएगा और उन्हें उन्नत तकनीकी वातावरण में बेहतर भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा। इससे मानव संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा और कर्मचारियों की दक्षता बढ़ेगी।

4. निवेशकों के लिए पारदर्शिता और सुविधा---एक ही ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म से निवेशक को सारे शेयर, ईटीएफ और डेरिवेटिव एक ही जगह मिलेंगे। इससे भ्रम भी कम होगा और विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। बीएसई में एसएमई स्टॉक लिस्टिंग की फोर्मलिटीज़ अलग होतीं हैं और एनएसई में एसएमई इमर्ज के नाम से अलग स्टॉक एक्सचेंज है। बीएसई और एनएसई मिल जायेंगे तो एसएमई स्टॉक लिस्टिंग और इन्वेस्टमेंट और बेहतर हो जायेगा।


5. वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा---अगर भारत का एक ही स्टॉक एक्सचेंज होगा, जो पूरी ट्रेडिंग को संचालित करेगा, तो वह एनवाईएसई (अमेरिका), एलएसई (लंदन) और टीएसई (टोक्यो) जैसे वैश्विक एक्सचेंजों के समकक्ष खड़ा हो सकेगा। इससे विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा और भारत को एफआईआई और एफडीआई दोनों के प्रवाह में बढ़ोतरी मिलेगी।

**निष्कर्ष**---वन नेशन, वन स्टॉक एक्सचेंज का विचार आज भारत के पूंजी बाजार को अधिक सक्षम, पारदर्शी और सुलभ बना सकता है। इससे ना सिर्फ निवेशकों को लाभ होगा, बल्कि सरकार, कंपनियों और विदेशी निवेशकों को भी एक सरल, केंद्रीकृत प्रणाली मिलेगी। यह विचार सुनने में भले ही अतिवादी लगे, लेकिन जब दुनिया के कई विकसित देशों में एकीकृत स्टॉक एक्सचेंज मॉडल सफल रहा है, तो भारत जैसे विशाल लेकिन तकनीकी रूप से सक्षम देश को इससे पीछे नहीं रहना चाहिए। वैश्विक स्तर पर यूरोनेक्स्ट जैसे एकीकृत मॉडल्स ने दिखाया है कि यह दृष्टिकोण तरलता को 30प्रतिशत तक बढ़ा सकता है, साथ ही क्रॉस-बॉर्डर ट्रेडिंग को सरल बना सकता है। तकनीकी दृष्टि से भी आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी तकनीकों का प्रभाव बढ़ेगा। इन तकनीकों को लागू करने के लिए भारी निवेश की आवश्यकता होगी, जिसे दो एक्सचेंजों द्वारा अलग-अलग करना व्यावहारिक नहीं होगा। एक साझा तकनीकी आधार से न केवल संचालन कुशल होगा, बल्कि भविष्य की चुनौतियों का सामना भी बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। अब जबकि एनएसई अपने आईपीओ की तैयारी कर रहा है, यह सही समय है कि इस पर गंभीरता से विचार हो और एक राष्ट्र, एक स्टॉक एक्सचेंज की दिशा में कदम बढ़ाए जाएं।

**धन्यवाद,**
**–सुनील दत्त गोयल,**
**महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री**
**पूर्व उपाध्यक्ष, जयपुर स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड**
**जयपुर, राजस्थान**

# ईंट-भट्टे पर बंधुआ मजदूरी करने के लिए बुलाया यूपी का परिवार 10 दिन से परेशान

■ पिछले 10 दिन यह परिवार सड़कों पर रात गुजारकर और भीख मांगकर गुजारा कर रहा है



भट्टे मालिक और प्रशासन की अनदेखी के चलते दर-दर की ठोकरे खाने को परिवार मजबूर है।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र में ईंट-भट्टे पर बंधुआ मजदूरी करने के लिए बुलाया गया यूपी का एक परिवार भट्टे मालिक और प्रशासन की अनदेखी के चलते दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर है। पिछले 10 दिनों यह परिवार सड़कों पर रात गुजारकर और भीख मांगकर अपना गुजर-बसर कर रहा है।

जानकारी के अनुसार लक्ष्मण पिता विग्रु हरिजन मूलत: चित्रकूट उत्तर प्रदेश का निवासी है। वह अपने परिवार के एक दर्जन से ज्यादा सदस्यों के साथ भीलवाड़ा जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र स्थित खाती खेड़ा गांव में बालू प्रजापत के ईंट भट्टे पर मजदूरी करने के लिए आया था। वर्ष 2024 में 36 हजार रुपये एडवांस देकर गंगापुर स्थित एक ईंट भट्टे पर उसे तपाई करने के लिए प्रति हजार ईंट पर 600 रुपये तय कर रखा गया। परिवार सहित लक्ष्मण भट्टे पर काम करने लगा, लेकिन बालू प्रजापत ने कुछ समय केवल खाना खर्चा दिया। लक्ष्मण और उसके परिवार की मजदूरी का भुगतान नहीं किया, जब भी वह हिसाब मांगता तो वह सीजन खत्म होने की बात कहते हुए उसे टाल देता। 20 अप्रैल 2025 को जब लक्ष्मण ने अपने घर लौट जाने की बात कही तो बालू ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी और जाने से रोक दिया।

इसी दौरान गत दिनों जब गंगापुर एसडीएम में अभियान चलाकर ईंट भट्टे से कई बंधुआ मजदूरों को मुक्त करवाया तो इसमें लक्ष्मण का परिवार भी इस भट्टे से मुक्त करवाकर रेन बसेरा गंगापुर में शेल्टर किया गया, लेकिन प्रशासनिक अनदेखी के चलते उक्त परिवार को वहां से भी निकाल दिया गया। अब लक्ष्मण का यह परिवार कभी एसपी तो कभी कलेक्टर के आवास के बाहर सड़क पर ही रात गुजार कर अपनी मजदूरी के पैसे और उनकी इस स्थिति के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दर-दर भटक रहा है। लक्ष्मण और उसके परिवार का कहना है कि अभियुक्त बालू प्रजापत के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को उसका मजदूरी दिलाई जाए।

# जल संरक्षण हेतु खिलाड़ियों ने रैली निकाली

**भीलवाड़ा,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा जल संरक्षण हेतु आयोजित किये जा रहे "वंदे गंगा जल संरक्षण जल अभियान" पखवाड़े में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में आम नागरिकों को जल संरक्षण हेतु जागरूक करने के लिए प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।

जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत में बताया कि कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र भीलवाड़ा द्वारा श्री राम व्यायाम शाला,जगदीश चंद्र दरक स्टेडियम पुर पर नगर निगम महापौर राकेश पाठक एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उपस्थित खिलाड़ियों प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों को अतिथियों ने जल संरक्षण की महत्वतता बताई। उन्होंने बताया कि रेगिस्तानी इलाकों में आज भी बरसाती पानी को टांकों में संचय करके उसका उपयोग किया जाता है। भीलवाड़ा शहर में भी कुछ समय पूर्व तक रेल से पानी की आपूर्ति होती थी। इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि उज्जवल भविष्य के लिए पानी को व्यर्थ नहीं बहाया जाए। इस अवसर पर उपस्थित सभी खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने जल संरक्षण की शपथ ली। प्रभात फेरी स्टेडियम से निकलकर पुर की गलियों से होते हुए बस स्टैंड पर समाप्त हुई।

इस अवसर पर गिरिराज चौबे उस्ताद, लाभ शंकर जी चौबे पार्षद, प्रेम शंकर बिश्नोई पूर्व मंडल अध्यक्ष, कल्याण बिश्नोई कुश्ती प्रशिक्षक, शिवलाल खारोल, आसकरण जाट पूर्व पार्षद, दयाशंकर आचार्य, सुनील पारीक,यशपाल, राजेंद्र आचार्य, मुकेश कुमार, हिम्मत चौबे, प्रशिक्षक चेतन चौबे, गोपाल माली, राकेश धाकड़, कृष्णकांत टांक, मिथिलेश मारू, लोकेश भट्ट, अर्जुन सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

## राशिफल सोमवार 9 जून, 2025



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, विशाखा नक्षत्र दिन 3:31 तक, शिव योग दिन 1:08 तक, तैतिल करण प्रात: 9:36 तक, चन्द्रमा आज प्रात: 8:50 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-तुला, मंगल-सिंह, बुध-मिथुन, गुरू-मिथुन, शुक्र-मेष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से 3:31 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 3:31 से सूर्योदय तक है। रवियोग दिन 3:31 से आरम्भ होगा। आज विवाह मुहुर्त भाद्री में है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:18 तक, शुभ 9:01 से 10:43 तक, चर 2:08 से 3:50 तक, लाभ अमृत 3:50 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:36, सूर्यास्त 7:15

### मेष




चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। पारिवारिक एवं आवश्यक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### वृष



व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में उचित सफलता मिलेगी।

### मिथुन



अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क



व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक सुविधाओं में वृद्धि होगी। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

### सिंह



घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में आपसी अनबन हो सकती है और मन में असंतोष बना रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### कन्या



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### तुला




व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। घर-परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

### वृश्चिक



व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### धनु



घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

### मकर



व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### कुंभ



व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक परेशानियां दूर होने लगेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन



परिवार में शुभ-मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

## संक्षिप्त

### 9 दिवसीय महायज्ञ संपन्न

**गंगापुर सिटी ।** गंगापुर सिटी के सवाई माधोपुर रोड स्थित श्री पंचमुखी बालाजी धाम आश्रम में 9 दिवसीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ और भागवत कथा का समापन हुआ। रविवार को महायज्ञ की पूर्णाहुति की गई और नई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत 31 मई को कलश यात्रा से हुई थी। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 1० से दोपहर 2 बजे तक कथा व्यास गणेशदास महाराज ने कथावाचन किया। दोपहर 3 से 6 बजे तक यज्ञाचार्य पं. अशोक दीक्षित के सानिध्य में नवकुंडीय यज्ञ हुआ। अयोध्या से आए कलाकारों ने दोपहर 2 से 6 बजे तक रामलीला का मंचन किया। शनिवार को पूर्व सांसद सुखवीरसिंह जौनपुरिया ने कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन लोगों को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। रविवार को यजमानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दीं। समापन पर आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। धूंधेश्वर रोड चूली पर स्थित आश्रम में आयोजित इस कार्यक्रम में बडी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

### रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

**करौली ।** करौली के निकटवर्ती सायपुर गांव निवासी कृष्ण चतुर्वेदी ने बताया की यूएस किट 4 वाटर्स समिट का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें सांस्कृतिक प्रोठााम एवं पेंटिंग प्रतियोगिता एवं क्यूज प्रतियोगिता आयोजित कि गई जिसमें सफल बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में प्योर इंडिया ट्रस्ट प्रतिनिधि खुश बिहारी शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार शर्मा रहे उनके द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया एवं बच्चों को सही दिशा एवं उचित मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया एवं शिक्षा की जड कडवी है 'लेकिन फल मीठा है इसको ध्यान में रखते हुए बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया प्योर इंडिया ट्रस्ट द्वारा संचालित पाठशाला में सभी बच्चों को' खाना खिलाया व नस्ता करा कर विदा किया कार्यक्रम में सायपुर गांव वासी एव दीपक शर्मा वहराई वाले, गौरव चतुर्वेदी,राधा चतुर्वेदी,टिक्कू चतुर्वेदी आदि स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाईन

**करौली ।** उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि महानिदेशक, अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षा भारत सरकार द्वारा नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन हेतु आवेदन की प्रक्रिया में सुधार करने के लिए .पद पोर्टल लॉंच किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के स्थानीय निवासी जो कि नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन करवाना चाहते हैं, उक्त पोर्टल के माध्यम से आनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

### संविधान बचाओ रैली निकाली

**करौली ।** करौली विधानसभा क्षेत्र की संविधान बचाओ रैली शहर के भंवर विलास मैरिज गार्डन में आयोजित हुई जिसमें कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संविधान बचाओ रैली में करौली के पूर्व विधायक लाखन सिंह मीणा,जिला प्रमुख प्रतिनिधि रक्षी लाल बैरवा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवराज मीणा, के सी मीना , हिम्मत सिंह, नगर परिषद के पूर्व सभापति प्रतिनिधि अमीनुद्दीन खान,उप सभापति सुनील सैनी, गिर्राज माली, रामस्वरूप मास्टर कटकड, विशम्बर शर्मा, कन्हैया लाल शर्मा, भूपेंद्र भारद्वाज,युवक कांठोस के करौली जिला अध्यक्ष खेमसिंह मीणा, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष रामदयाल मीना, शहर ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल माली सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ट्रेनों के ठहराव की मांग

**गंगापुर सिटी ।** दिल्ली-मुंबई मुख्य रेलमार्ग स्थित पिलौदा रेलवे स्टेशन पर तीन प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई है। राष्ट ीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद के राष्ट ीय सचिव कुबेर सिंह मीणा ने स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। मीणा ने जनशताब्दी एक्सप्रेस, सोगरिया-नई दिल्ली एक्सप्रेस और हरिद्वार-बांद्रा एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है। पिलौदा स्टेशन सवाईमाधोपुर जिले के गंगापुर सिटी ब्लॉक के ग्रामीण इलाकों का प्रमुख केंद्र है।

# श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों का भी सम्मान

■ **कार्यक्रम में कक्षा 12 की छात्राओं कविता, नेहा और विनीता को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर इसी प्रकार 10.वीं में निशा प्रथम स्थान, सौरभ द्वितीय एवं प्रियंका को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया**

**गांगापुर सिटी ।** शनिवार को सेवा गांव के एसडीएमसी सदस्यों एवं गांव के कर्मचारियों और युवा नागरिकों द्वारा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवा में कक्षा 5 वीं, 8वीं, 1०वीं एवं 12वीं के बोर्ड में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ साथ अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

सामाजिक कार्यकर्ता पवन मीना द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित एसडीएमसी सदस्यों एवं ग्राम वासियों द्वारा किया गया । कार्यक्रम में कक्षा 12 की छात्राओं कविता, नेहा और विनीता को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर इसी प्रकार 10.वीं में निशा प्रथम स्थान, सौरभ द्वितीय एवं प्रियंका को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर एवं 8 वीं बोर्ड परीक्षा में पायल, जिया, प्रियांशी, मनिता, शिवानी और रोशनी को 5वीं बोर्ड में सलोनी, इशिता, रिया, पूनम, मीनाक्षी, याचना, यशस्वी, निकेतन, सोनाक्षी और मनीष को माला और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेवा सरला के संस्था प्रधान हरिचरण मीना, बैरवा बस्ती के अध्यापक रामलाल बैरवा एवं पीएम श्री विद्यालय सेवा के कक्षा अध्यापकों और विषय अध्यापकों को भी संस्था प्रधान के साथ सम्मानित किया गया। व्याख्याता रूप सिंह मीना द्वारा सभी सम्मानित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए मंच से ये आश्वासन दिया गया कि हमारी टीम द्वारा विद्यालय स्टाफ को विद्यार्थी साइंस मैथ संकाय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को और कक्षा 1० के विद्यार्थियों को वो प्रत्येक सुविधा मुहैया करवाई जाएगी जो उनको आवश्यकता होगी चाहे वो अतिरिक्त समय में किसी विशेष शिक्षक के द्वारा शिक्षण कार्य करवाने संबंधी हो अन्य कोई भी सुविधा हो हर समस्या का समाधान इस कमेटी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच महेंद्र मीणा, ऋषिराज मीना विकास अधिकारी, डॉक्टर वेद प्रकाश मीना, सेवा निवृत शिक्षक कन्हैया सोनी, शिमोल मीना, रामभरोशी जांगिड, भीम मीना गैस एंजेसी संचालक एवं राजेश प्रधानाचार्य सभी ने अपने संबोधन में स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य को एवं विषय अध्यापकों शिक्षण कार्य में हर संभव मदद करने का आश्वाशन दिया और ये अपील भी की गई कि विज्ञान संकाय में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश लेने हेतु प्रेरित किया जाए। महेंद्र मीणा पूर्व सरपंच ने जो विद्यार्थी बोर्ड में 9० प्रतिशत अंक प्राप्त करेंगे उनको हवाई यात्रा कराने की घोषणा की जिससे सभी विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड गई जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने अभिवादन किया। ऋषिराज विकास अधिकारी, डॉक्टर वेदप्रकाश और प्रधानाचार्य राजेश मीना द्वारा नाराजगी जताई गई कि इतने बडे पीएम श्री विद्यालय में विज्ञान संकाय में मात्र 1 विद्यार्थी का प्रवेश है जो कि बहुत ही चिंतनीय विषय है।

अतः आज से ही विद्यालय स्टाफ द्वारा एवं ग्राम वासियों द्वारा एक योजना बनाकर आसपास के गांवों सहित गांव के बच्चों को प्रेरित किया जाए जिससे आगामी सत्र में अच्छी संख्या में विद्यालय में प्रवेश हो सके। निस्वार्थ भाव से इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु लज्जाराम मीना और पवन मीना को ग्राम वासियों द्वारा सम्मानित किया गया। पवन मीणा द्वारा बताया गया कि इस सम्मान समारोह के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पढने वाले विद्यार्थियों में सरकारी विद्यालय के प्रति विश्वास और विद्यार्थियों ने यह विश्वाश जगाना कि यदि विद्यार्थी द्वारा कडी मेहनत की जाए अभिभावक जागरूक रहे तो सरकारी विद्यालय से भी पढकर हम अच्छे से अच्छे मुकाम को हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में गांव में संचालित निजी विद्यालय जय अंबे के प्रधानाचार्य जगदीश माली, कार्तिक पब्लिक स्कूल के संचाल मुकेश मीना, ऋषि मीणा, शेर मीणा, फूल सिंह मीणा, मुकेश कंपाउंडर आदि गांव की महिलाएं एवं सैकडों अभिभावक उपस्थित रहे।

### पौधारोपण आज

**करौली ।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाडे के तहत आज सोमवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, स्वच्छ भारत मिशन-गा्रमीण द्वारा नवीन अमृत सरोवर का शुभारम्भ, नये जल संठाहण एवं जल संरक्षण संरचनाओं के कार्यो का शुभारम्भ एवं पूर्ण कार्यों का अवलोकन, हरियालो राजस्थान अंतर्गत पौधारोपण कार्यों की अग्रिम तैयारी, प्राचीन तालाब, जोहड़ इत्यादि की साफ-सफाई एवं मरम्मत,औरण का चिन्हीकरण एवं घास बुआई की पूर्व तैयारी, चारागाहों का चिन्हीकरण एवं पौधारोपण कार्यों की अग्रिम तैयारी, हरियालो राजस्थान अंतर्गत अन्य पौधारोपण कार्यों की अठिाम तैयारी, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत कार्यों का अवलोकन एवं स्वीकृति, ठााम के सभी जल स्त्रोतो की मैपिगं, साफ-सफाई एवं मरम्मत, सोख्ता गडढो की साफ-सफाई, गांवो के मुख्य मार्गो, चैराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई किया जाएगा। इसके साथ ही सार्वजनिक निर्माण द्वारा सरकारी भवनों में स्थित त्ज्ॅभ् की साफ-सफाई, रोड साइड पौधरोपण हेतु अठिाम तैयारी की जावेगी। उन्होंने इस संबंध में संबंधित विभागों व अधिकारीयों का आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किये है।

### वंचित प्रबोधकों की पदोन्नित की जाए

**करौली ।** प्रबोधक संघ राजस्थान बीएमएस करौली कि बैठक जिला मुख्यालय स्थित सिटी पार्क में जिलाध्यक्ष रतन चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला प्रभारी गंगाराम प्रजापत ने बताया कि बैठक में राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणानुसार प्रबोधक कैडर का पुनर्गठन 31 जुलाई तक किया जाना प्रस्तावित है राज्य सरकार ने 2008 में प्रबोधक पद पर स्थाई नियुक्ति दी,बीएड योग्यता धारियों की 9बर्ष पश्चात 2017 में प्रबोधक पदोन्नित द्वितीय श्रेणी अध्यापकों के समान होनी थी जो 2022-2024 के विसंगति पूर्ण हुई जो अभी तक लंबित है संगठन की सरकार से मांग है कि पदोन्नित से वंचित बीएड,बीपीएड प्रबोधकों को पदोन्नत किया जाए, प्रबोधक, अध्यापक वेतन विसंगति दूर की जाए,विद्यालयों में पूर्व में की गई अस्थाई सेवा को प्रबोधक सेवा में गणना की जावे ताकि पूर्ण पेंशन मिल सके,प्रबोधक पद नाम परिवर्तन कर अध्यापक तथा वरिष्ठ प्रबोधक पद नाम वरिष्ठ अध्यापक किया जावे।

# कलेक्टर से विकास कार्यों पर चर्चा की

**करौली ।** दूध नहीं देने वाले गौधन को मालिको द्वारा छोड़ दिए जाने, बीमार एवं विकलांग गोधन की सुरक्षा एवं चारे पानी की व्यवस्था के लिए गौशाला संचालित है जिसके विकास कार्यो को लेकर जिला कलेक्टर से चर्चा की गई।

मासलपुर के निकट ठेकरा गौशाला के संदर्भ में बुजुर्गों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता से पूर्व जब धौलपुर और करौली स्टेट में सीमा विवाद हो गया था तो दोनों ही स्टेट विवादित भूमि पर गौशाला निर्माण पर सहमत हुई धौलपुर स्टेट मुख्यालय की अधिक दूरी होने के करण गौशाला की देखरेख एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी करौली स्टेट की तय हुई। प्रभावी प्रबंधन एवं देखरेख के अभाव में शुरुआती दौर में धौलपुर एवं करौली के खनन माफियाओं ने गौशाला की भूमि पर अवैध खनन कर कब्जा किया हुआ था। गौशाला की भूमि से इस अवैध कब्जे को मुक्त कराना एक चुनौती भरा कार्य रहा। स्थानीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर एवं जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना के द्वारा गौशाला का दौरा कर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण और अवलोकन किया वर्तमान गौशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह ने बताया कि अवैध खनन कार्य हेतु किए गए ब्लास्टिंग से जगह-जगह गहरे गड्ढे बना दिए गए थे। खनन कार्य के उन सभी गहरे गड्ढों का अवलोकन करवाया गया। मुन्ना सिंह ने बताया कि इन गहरे गढ्ढों को जेसीबी से समतलीकरण कर वृक्षारोपण किया गया है आने वाली बरसातों में भी एक कार्य योजना के तहत वृक्षारोपण कार्य किया जाएगा गौशाला से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं के अवलोकन के साथ विधायक एवं जिला कलेक्टर ने एक एक वृक्ष रोपित किया। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना का प्रबंधन समिति के ऊधौसिंह एडवोकेट,एडवोकेट सीताराम शर्मा,समाज सेवक बबलू शुक्ला,नरेंद्र सिंह टटवाई,चैरजी सिंह,शिवनाथ सिंह काका जी,गोविंद लोहे वाले,तुलसी गोयंका,प्रदीप सिंह कोटा छावर, बॉबी बना,प्रेम सिंह रामपुरा एवं अन्य उपस्थित व्यक्तियों के द्वारा माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। प्रबंधन समिति एवं गौशाला अध्यक्ष मुन्ना सिंह के द्वारा ठेकरा गौशाला धाम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किए जाने का विजन जिला कलेक्टरएवं विधायक के समक्ष रखा इसी परिपेक्ष में जिला कलेक्टर ने सड़क,बिजली, पानी की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया। जिला कलेक्टर ने निरीक्षण एवं सुझाव पुस्तिका में गोवंश के सुव्यवस्थित रख रखाब, उपचार के साथ सभी अन्य व्यवस्थाओं को लेकर समिति द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर बधाई देते हुए आगे भी मेहनत एवं लगन से कार्य करने की अठिाम शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### अग्रवाल समाज की बैठक आज

**गंगापुर सिटी।** गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर अग्रवाल समाज संघ की कार्यकारिणी एवं पदाधिकारीयों की एक बैठक सोमवार दोपहर 1 बजे विजय पैलेस में जिलाध्यक्ष गोविंद प्रसाद बरनाला की अध्यक्षता में रखी गई हैं। बैठक में खंडार में जिले की पूर्व मीटिंग के 6 बिंदुओं की पालना की समीक्षा एवं प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर समाज में वैवाहिक स्थिति से उत्पन्न विवाद के निपटारे हेतु समझौता समिति का गठन किया जावेगा साथ ही प्रत्येक इकाई स्तर पर जनगणना करवा कर डिजिटल पोर्टल तैयार करके सामाजिक न्याय एवं वैवाहिक पोर्टल तैयार किया जावेगा। जिला प्रचार प्रसार मंत्री वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि बैठक में सवाई माधोपुर जिले के 300 से अधिक प्रतिनिधि व सदस्य गण शामिल होंगे समाज के उत्थान को लेकर होगी। जिला अध्यक्ष गोविंद प्रसाद बरनाला द्वारा जिला समिति की बैठक में समस्त प्रतिनिधियों से आवश्यक रूप से शामिल होने का आव्हान किया है।

### मंदिर निर्माण की प्रगति की समीक्षा

**भरतपुर** (निस)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्य समिति की राउरकेला उड़ीसा में आयोजित बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें शामिल होने के लिए धौलपुर राजस्थान से अखिल भारतीय अठावाल सम्मेलन के राष्ट्रीय उप महामंत्री प्रेम मंगल के राउरकेला उड़ीसा पहुंचने पर , उड़ीसा प्रान्त के राष्ट्रीय एवं प्रदेश हाजिदयशाह एम ओम प्रकाश वापोदिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्णमल अठावाल,उद्योगपति एवं राष्ट्रीय सलाहकार अशोक अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों के द्वारा भव्य स्वागत और सम्मान किया गया,

अठावाल सम्मेलन द्वारा अग्रोहा में निर्माणाधीन आद्य महालक्ष्मी मंदिर निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई, अग्रवाल सम्मेलन की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए दुबई में बैठक आयोजित करने पर भी विचार किया, दक्षिण भारत में आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथ यात्रा के दौरान उप संयोजक के रूप सहयोग दिए जाने पर राष्ट्रीय उप महामंत्री प्रेम मंगल को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा माला,पटका,एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, एवं मध्य प्रदेश में जन आशीर्वाद आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथ यात्रा के महाकौशल प्रदेश के जबलपुर सतना, रीवा , कटनी, भोपाल, इंदौर में संचालन के लिए प्रेम मंगल की संयोजक बनाया गया है ।

**परामर्श शिविर का आयोजन** : डॉ. कुसुम शर्मा हॉस्पीटल कैम्पस गोपालगढ भरतपुर में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक निसंतान्ता एवं आईवीएफ परामर्श शिविर का आयोजन किया जावेगा। डायरेक्टर डॉ. कुसुम शर्मा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने बताया कि इस शिविर में जिन भी दम्पत्ति को बच्चा होने में किसी भी प्रकार की दिक्कत आ रही है, जिन महिलाओं को बच्चेदानी की रसोली, फैलोपियन ट्यूब ब्लॉक, बच्चेदानी में टीबा ादि किसी भी समस्या के कारण माता पिता बनने के सुख से वंचित रह गये हैं उन्हें संतान उत्पत्ति के लिए सही मार्गदर्शन दिया जायेगा।

# बोर्ड कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र पुरस्कृत

**भरतपुर** (निस)। स्थानीय विद्यालय ए. के. एम. उच्च माध्यमिक विद्यालय खेरापति मोहल्ला भरतपुर में बोर्ड कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र / छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के आगे प्रधानाचार्या रेखा गर्ग एवं व्यवस्थापक राजेन्द्र कुमार गर्ग के द्वारा दीप जलाकर और माला पहनाकर की गई। सम्मान समारोह में लगभग 300 से ज्यादा छात्र छात्राओं और उनके माता पिता द्वारा भाग लिया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कक्षा 5 में । ठोड प्राप्त करने वाले लगभग 40 छात्र छात्राओं और उनके माता पिता के साथ माला, साफा, एवं गोल्ड मेडल पहनाकर एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। 8 वीं बोर्ड परीक्षा में । ठोड प्राप्त करने वाले लगभग 26 बच्चो को उनके माता पिता के साथ माला, साफा, एवं गोल्ड मेडल पहनाकर एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 70 प्रतिशत एवं 70 प्रतिशत से उपर अंक प्राप्त करने वाले बच्चो को सम्मानित किया गया 1 जिसमे 90 प्रतिषत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 10 बच्चो को माला, साफा, एवं गोल्ड मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 10 वीं में वैष्णवी शर्मा 98.50 प्रतिषत अदिति गर्ग 95.67 प्रतिशत संजय खण्डेलवाल 95.00 प्रतिषत सोनिया सैनी 93.67 प्रतिषत राघव शर्मा 93.17 प्रतिषत छवि शर्मा 92.17 प्रतिशत और जया कटारा ने 90.67 प्रतिषत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार 12 वीं विज्ञान वर्ग में दिव्या सिंह 96 प्रतिषत आयुष्मान सिंह 94 प्रतिषत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 के तीनो संकायों में 80 प्रतिषत और उससे उपर अंक प्राप्त करने वाले समस्त बच्चो को माला, साफा, एवं गोल्ड मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। संस्था प्रिंसिपल द्वारा उन अध्यापको को को सम्मानित किया गया जिनका अपने विषय मे परीक्षा परिणाम 100 प्रतिषत रहा योगेश सोगरवाल और तरुण गोयल सर को क्रमशः हिंदी और गणित विषय में 100 में से 100 अंक आने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 10 की छात्रा वैष्णवी शर्मा को 98.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर स्टूडेंट ऑफ़ थे ईयर के पुरस्कार सम्मानित किया गया। मंच संचालन सौरभ सर और अजय सर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय द्वारा बच्चो और उनके अभिभावकों को जलपान कराया और व्यवस्थापक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन

**भरतपुर** (निस)। हरिद्वार पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में 20 दिवसीय राज्य स्तरीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन भरतपुर के विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में मुख्य संयोजक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य वीरीसिंह कुन्तल के नेतृत्व में सम्पन्न करवाया गया। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी गंगो सिंह, डा. सतीश पाराशर, उत्तम सिंह, शिवदत्त तेनगुरिया, प्रकाश चंद शर्मा आदि का सहयोग रहा। मुख्य संयोजक कुन्तल ने बताया कि सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर 20 मई से 08 जून तक व्यवहारिक प्रशिक्षण भरतपुर के विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में प्रातः 5 से 7 बजे तक आठों प्राणायाम, आसन, सूक्ष्म व्यायाम, बैठकर एवं खड़े होने वाले आसन तथा एक्यूप्रेशर आदि विस्तार पूर्वक समझाये गये तथा प्राणायाम से विभिन्न रोगों में लाभ लेने के गुर बताये गये। कुल 14 सहयोग शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# बाइक सवार युवक को हाइवा ने कुचला

■ **गुस्साए ठाामीणों ने शव को स्टेट हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया।**

रुदावल।रुदावल-बयाना स्टेट हाइवे स्थित गांव निभेरा बंध के पास एक बजरी से भरे ओवरलोड हाइवा ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने शव को स्टेट हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया। जिससे स्टेट हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। घटना शनिवार सुबह करीब सात बजे की है।सूचना पर रुदावल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के समझाने के बाद 10 बजे ठाामीणों ने जाम को खोला। जिससे स्टेट हाइवे तीन घंटे तक जाम रहा। रुदावल एसएचओ बालकृष्ण फौजदार ने बताया की गांव निभेरा निवासी धर्मेंद्र उर्फ कल्ला (38) रुदावल से दूध देकर अपने घर वापस जा रहा था। गांव के पास ही बजरी से भरे ओवरलोड हाइवा ने धर्मेंद्र की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी । टक्कर लगते ही बाइक और धर्मेंद्र हाइवा के नीचे फंस गए। हाइवा का ड्राइवर करीब 15 फ़ीट तक दोनों को घसीटते हुए ले गया। जब बाइक हाइवा के नीचे से नहीं निकली तो ड्राइवर हाइवा को छोड़कर फरार हो गया। जिसे ठाामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।घटना से आक्रोशित ग्र ामीणों ने स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। ठाामीणों ने स्टेट हाईवे से ओवरलोड वाहनों का आवागमन बंद कराने, बेकाबू चलने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग की। सूचना पर एडीशनल एसपी हरिराम कुमावत, रुदावल एसएचओ बालकृष्ण फौजदार,रूपबास एसएचओ चंद्रमोहन मय जाब्ता के मौके पर पहुंचे । पुलिस अधिकारियों ने ठाामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ठाामीण मौके पर ही मुआवजा दिलाने एवं बेकाबू वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग पर अड़ गए।जिस पर पुलिस अधिकारियों ने बेकाबू वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।पुलिस अधिकारियों द्वारा ठाामीणों से जाम खोलने की काफी समझाइश की गई तब जाकर ठाामीणों ने जाम को खोला।पुलिस ने शव को रुदावल सीएचसी मोर्चरी में रखवा दिया।जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### साइकिल रैली का आयोजन

**अजमेर ।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष पर आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत आई.एच.टी.एम विभाग द्वारा 8 जून को प्रातः 6 बजे चरक उद्यान, जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय, अजमेर से नयी चौपाटी अजमेर तक साईकिल रैली का आयोजन किया गया। विशाल रैली का शुभारम्भ प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक ज.ला. ने मेडिकल कॉलेज डॉ. अनिल सामरिया, अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ. श्याम भूतडा, एवं विभागाध्यक्ष, आई.एच.टी.एम विभाग डॉ. जी.सी. मीणा, ने हरी झण्डी दिखाकर किया। रैली का समापन न्यू चौपाटी रोड पर हुआ, जहाँ विभागाध्यक्ष आई.एच.टी.एम विभाग, एवं अतिरिक्त प्रधानाचार्य ने संबोधित करते हुये स्वैच्छिक रक्तदान किये जाने की आवश्यकता एवं नियमित रक्तदान से होने वाले लाभों के बारे में अवगत कराया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों को मरीजो के हित में नियमित रक्तदान करने एवं अन्य को भी प्रेरित करने के लिए शपथ दिलाई।

## सार-समाचार

### किसानों का अभ्यास वर्ग संपन्न

**भरतपुर** (निस)। अछनेरा रोड नगला गोपाल चौराहा स्थित गणपति रिजॉर्ट में किसानो के दो दिवसीय संभागीय अभ्यास वर्ग कार्यक्रम के भव्य समारोह का प्रांत मंत्री लटूर सिंह, प्रांत कार्यकारिणी सुमेर सिंह, प्रदेश प्रचार प्रमुख राजीव दीक्षित, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य मोहन सिंह सेंत तथा जिला अध्यक्ष रमन सिंह कसोदा व जिला अध्यक्ष सतवीर सिंह डीग की अध्यक्षता व देख रेख में संपन्न हुआ । तहसील मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिंह कंजौली ने बताया कि संभाग के पद अधिकारी बृजेश लाल मीणा, अजमेर सिंह, गिर्राज सिंह पुलाबदा, रामवीर सिंह कॉरेर ,गोपाल सिंह लवानिया, लक्ष्मण सिंह गुनसारा, प्रीतम सिंह कसोदा का साफा पहनाकर स्वागत किया गया, अंतिम सत्र में प्रांतीय मंत्री लटूर सिंह ने बताया की भारत एक कृषि प्रधान देश है तथा देश की अर्थव्यवस्था का 17: हिस्सा खेती पर आधारित है ,और हमारे देश के किसान ना केवल अनाज फल और सब्जियां उगाते हैं बल्कि हमारे जीवन का आधार भी तैयार करते हैं । इसी क्रम में प्रांतीय कार्यकारिणी सुमेर सिंह ने किसानों के हितों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किसान हमारे देश की रीड की हड्डी है जो दिन रात मेहनत करके हमारे लिए खाने की व्यवस्था करते हैं, उनकी मेहनत और संघर्ष से ही हमारी थाली तक खाना पहुंचता है ,किसानों का जीवन सीधा-साधा लेकिन संघर्ष भरा होता है, प्रचारक प्रमुख राजीव दीक्षित ने किसानों की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस दौरान किसानो को मौसम की मार पानी की कमी और फसल के सही दाम न मिलने जैसी समस्याओं और चुनौतियों का सामना करना पड रहा है, जिससे किसानों के हितों का दोहन हो रहा है तथा प्रांत कार्यकारिणी सदस्य मोहन सिंह सेंत ने सभी पदाधिकारी को उनके अपने कर्तव्य और कार्य समझाइए जिसमें कि हमें एकजुट होकर अपने हितों की रक्षा करनी होगी, वा देश के उत्थान के लिए कार्य करना होगा, इस अभ्यास वर्ग में धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर , गंगापुर ,अलवर, भरतपुर ,आदि जिलों के 125 किसान मौजूद रहे ।

### वैध ब्रजमोहन जांगिड अब नहीं रहे

**करौली ।** उपखंड भुसावर के ग्राम निठार निवासी वैध बृजमोहन जांगिड की 100 वर्ष वयोवृद्ध आयु में आकस्मिक निधन से शोक की लहर दौड गई। जिसने भी यह खबर सुनी वे अपने आंसू नहीं रोक पाये और अंतिम यात्रा में शामिल होकर नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। वैध बृजमोहन विगत 70 वर्षो से गांव निठार में आयुर्वेद के माध्यम से लोगो की निशुल्क सेवा करते थे। उनके पास ईलाज हेतु दूर दूर से भी लोग आते थे। वैध बृजमोहन को नब्ज की अच्छी पकड थी। वो नब्ज देखकर ही बीमारी का पता लगा लेते थे। निशुल्क सेवा की परम्परा उनके परिवार में कई पीढियों से चली आ रही है। और इस परम्परा को आगे भी जारी रखने के लिए उन्होंने काफी समय पहले से ही अपने पौत्र योगेश को आयुर्वेद की जानकारी देना चालू कर दिया था। वैध बृजमोहन के द्वारा आयुर्वेद के प्रति इतना जबरदस्त ज्ञान था कि वो जिस भी मरीज की नब्ज पकड लेते थे। उस मरीज को ठीक होना ही पडता था। उन्होंने निशुल्क आयुर्वेदिक सेवा के माध्यम से कई मरीजों को नवजीवन प्रदान किया था। उन्होंने आयुर्वेद के क्षेत्र में गांव को और खुद को एक नई और अलग पहचान दिलाई। उनके इस तरह अकस्मात निधन से भुसावर उपखंड तहसील के साथ साथ दूर दराज के क्षेत्रों में भी शोक की लहर दौड गई। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन निशुल्क सेवा में अर्पित कर दिया निश्चित ही उनके द्वारा समाज सेवा के लिए अर्पित जीवन उनको एक महापुरूष की संज्ञा दे गया।

### ट्रेनों के ठहराव की मांग

**गंगापुर सिटी ।** दिल्ली-मुंबई मुख्य रेलमार्ग स्थित पिलौदा रेलवे स्टेशन पर तीन प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई है। राष्ट ीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद के राष्ट ीय सचिव कुबेर सिंह मीणा ने स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। मीणा ने जनशताब्दी एक्सप्रेस, सोगरिया-नई दिल्ली एक्सप्रेस और हरिद्वार-बांद्रा एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है। पिलौदा स्टेशन सवाईमाधोपुर जिले के गंगापुर सिटी ब्लॉक के ग्रामीण इलाकों का प्रमुख केंद्र है। एक्सप्रेस ट्रेनों के नहीं रुकने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। बुजुर्ग, छात्र और व्यापारियों को नजदीकी बडे स्टेशनों तक जाने में अतिरिक्त समय और धन खर्च करना पडता है। मीणा का कहना है कि ट्रेनों के ठहराव से यात्रियों को राहत मिलेगी और रेलवे को राजस्व में बढोतरी होगी। उन्होंने 22 जून 1989 की गोल्डन टेंपल मेल दुर्घटना का जिक्र किया। उस समय रेलवे प्रशासन ने सेवाओं के विस्तार का आश्वासन दिया था। ज्ञापन देने वालों में सरपंच किरोडी मीणा, सरपंच अमरसिंह मीणा, जितेंद्र, धारासिंह और महेंद्र मीणा शामिल रहे।

### जागरण में मां कैलादेवी के भजन गूंजे

**हलैना/भरतपुर** (निस)। मित्तल परिवार के द्वारा भजन संध्या,माता झील वाली कैलादेवी माता का जागरण हुआ। वृंदावन,मथुरा,अजमेर एव पुष्कर, भरतपुर के गायकओं ने भजन की प्रस्तुतियां देकर भक्तों का मन मोह लिया। लांगुरिया व भजन की प्रस्तुतियो पर श्रद्धालु व भक्तों ने जमकर ठुमके लगाए। कार्यक्रम में अजमेर, भरतपुर, उच्चेन,दिल्ली,भुसावर, जयपुर, नगर, फरीदाबाद, फिरोजाबाद आदि स्थान के श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के रहे ओएसडी जी.एस. यादव,तकनीकी शिक्षा विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक ए.एस.यादव,पूर्व संयुक्त निदेशक के एल गुप्ता,जलदाय विभाग के पूर्व अधिशासी अभियंता सुरेश चन्द बंसल, पीडब्ल्यूडी विभाग के पूर्व एईएन ताराचंद गुप्ता, संयोजक कन्हैया मित्तल,मनोहर लाल, कपूर चंद, छैलबिहारी, रिखब मित्तल,गुड्डू मित्तल, अशोक कुमार,विष्णु मित्तल, विनोद मित्तल,विजय मित्तल, मधुर मित्तल,मिलन गुप्ता देवदास गोयल आदि ने खाटू श्याम बाबा और कैलादेवी माता की पूजा अर्चना कर महाआरती की।

### शिकायत के बाद भी नही हुआ समाधान

**भरतपुर** (निस)। सारस चौराहे से आगे पुष्प वाटिका कॉलोनी में राजा शाही जमाने का नाला बना हुआ है जिसमें घने में से पानी लाकर के दिग्गियों को भर जाता था अब इस नाले पर अतिक्रमण किया हुआ है 20 फुट चौड़ा नाला मात्र 10 फुट चौड़ा रह गया है इस नाले से पुष्प वाटिका कॉलोनी की नालियां जुड़ी हुई है परंतु पिछले 10 वर्षों से इस नाले की सफाई न होने के कारण जलकुंभी पूरे नाले में हो गई है जिसकी वजह से नालियों का पानी भी नाले में नहीं जा पाता है तथा नालियां हमेशा ओवर रहती है जिसके कारण बरसात के समय में बरसात का पानी नालियों से घरों में वापस चला जाता है नगर निगम प्रशासन से गुजारिश करते हैं कि इस नाले की जल्द से जल्द सफाई कराई जावे नलकुंभी को हटाया जावे जिससे घरों की नालियों का पानी नाले में जा सके अभी बरसात का मौसम शुरू होने वाला है यदि अभी सफाई नहीं हो पाई तो बरसात के दिनों में सफाई होना संभव नहीं है अतः नगर निगम प्रशासन इस पर ध्यान दें और इस नाले की सफाई शीघ्र कराई जावे।

### अजमेर सब्जी मंडी में किसानों का विरोध प्रदर्शन

**अजमेर, (कासं)।** ब्यावर रोड रामगंज स्थित मुख्य सब्जी मंडी पर रविवार को किसानों ने गेट बंद कर विरोध प्रदर्शन किया और टैम्पो चालकों द्वारा की गई कथित मारपीट का विरोध जताते हुए रोष प्रकट किया। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए करीब आधे घंटे तक मंडी में आवाजाही बाधित होने से मंडी में सब्जी खरीदने आने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस मामले की जांच में जुटी है । रामगंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह खानपुरा निवासी किसान गुमानसिंह भिंडी लेकर मंडी पहुंचे, जब उसने टैम्पो हटाने को कहा तो कन्हैया, सत्तू, शिवराज और श्यामा गुर्जर नामक टैम्पो चालकों ने गुमान सिंह के साथ मारपीट कर दी। जब यह बात अन्य किसानों को पता चली, तो उन्होंने बताया कि यह आए दिन की समस्या बन गई है। सूचना पर मौके पर पहुंचे और किसानों ने मंडी का मुख्य गेट बंद कर विरोध प्रदर्शन करते हुए टैम्पो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। किसान नेता गणेश सिंह रावत ने चेतावनी दी कि अगर टैम्पो चालकों की मनमानी पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले दिनों में बड़ा विरोध प्रदर्शन और धरना किया जाएगा। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना रहा कि सब्जी लेकर जब वे मंडी पहुंचते हैं तो टैम्पो चालकों की मनमानी और अभद्र व्यवहार से लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसे और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। किसानों के प्रदर्शन के चलते सब्जी मंडी में खरीददारी करने आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। व्यापारियों और पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ और मंडी का गेट खोला गया। पीड़ित पक्ष ने रामगंज पुलिस थाने में टैम्पो चालकों के खिलाफ शिकायत देते हुए मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है, जहां दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिशें जारी हैं।

# पैरोल लेकर फरार हुआ कैदी पंजाब जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

## पैरोल पर बाहर जाने के बाद फिर मादक पदार्थ तस्करी करने लगा था

**अजमेर, (कासं)।** सेंट्रल जेल में मादक पदार्थ तस्करी के मामले में पैरोल लेकर फरार हुए कैदी को पुलिस ने पंजाब की जेल से प्रोडेक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में परिजन ने आरोपी का फर्जी मृत्यु प्रमाण पेश किया था, जबकि आरोपी इकबाल सिंह फरारी के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी में पकड़ा गया और पंजाब की मोगा पंजाब जेल में बंद था।

सिविल लाइन थाने के एएसआई हरिराम यादव ने बताया कि 6 अक्टूबर 2022 को जेल प्रहरी रामकुमार की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। आरोपी इकबाल सिंह ने पैरोल प्राप्त की थी। पंद्रह दिन की पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद वह जेल नहीं लौटा। इसके बाद पुलिस ने जांच की तो परिजन ने उसका डेथ सर्टिफिकेट पेश कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मामला बंद कर दिया।



पुलिस ने फरार कैदी इकबाल सिंह को गिरफ्तार किया।

**पैरोल समाप्त पर वापस नहीं लौटा था जेल :-** जेल प्रशासन द्वारा कैदी की 15 दिन की पैरोल अवधि समाप्त होने के बावजूद वह वापस नहीं लौटने पर सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस जांच पड़ताल में इकबाल का मृत्यु प्रमाण पत्र मिल गया, जो उसके परिजन द्वारा थाने में जमा कराया था, जिसके बाद पुलिस ने इसे सच मानकर केस बंद कर दिया, लेकिन अचानक मामले में एक नया मोड़ आया जिसने मामले की जांच कर रही पुलिस को चौंका दिया।

- **पैरोल पर छूटे बंदी का परिजन ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया था**

पुलिस को सूचना मिली कि 16 मई 2025 को फरार आरोपी पंजाब में मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में गिरफ्तार हुआ है और मोगा जेल में बंद है। इस पर अजमेर पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट के जरिए उसे गिरफ्तार कर अजमेर ले आई। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि किस तरह फर्जी दस्तावेज तैयार किए और फरारी के दौरान कहां-कहां रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार इकबाल अजमेर जेल में 5 साल की सजा काट चुका था और पैरोल पर बाहर जाने के बाद फिर मादक पदार्थ तस्करी में करने लगा था। मादक पदार्थ तस्करी के मामले में पंजाब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। जिससे उसकी झूठी मौत की कहानी का पर्दाफाश हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पाली में फिर कोरोना की दस्तक, उपचार के दौरान वृद्ध की मौत

**पाली, (निसं)।** पाली में लम्बे समय बाद कोरोना ने फिर से दस्तक दी है। उपचार के दौरान एक वृद्ध की मौत हो गई, जिसकी रिपोर्ट कोरोना पॉजीटिव आई है। इसके साथ ही एक युवक की भी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। ऐसे में जिले में कोरोना न फैले इसको लेकर चिकित्सा महकमा अलर्ट मोड पर है।

पाली बांगड़ हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. एचएम चौधरी ने बताया कि बांगड़ हॉस्पिटल में उपचार के दौरान एक 52 साल के वृद्ध की मौत हो गई। उसकी रिपोर्ट कोरोना पॉजीटिव आई। वृद्ध शहर के हैदर कॉलोनी का रहने वाला था। इसी तरह शहर के रामदेव रोड क्षेत्र में रहने वाले एक युवक की रिपोर्ट भी कोरोना पॉजीटिव आई है, जिसका उपचार किया जा रहा है।


- **एक अन्य युवक घर पर आईसोलेट, हॉस्पिटल में दो बेड रिर्जव**

हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. चौधरी ने बताया कि 19 मई को 52 वर्षीय के बीमार होने पर बांगड़ हॉस्पिटल भर्ती किया था। करीब एक सप्ताह उपचार चला, फिर जोधपुर रेफर किया गया। वहां भी उनका इलाज चला, फिर वापस वृद्ध को परिजन पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। वृद्ध को कोरोना तो नहीं है इसको लेकर 4 जून को सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे। 5 जून का वृद्ध की तबीयत बिगड़ गई जिससे उसकी मौत हो गई। 6 जून को वृद्ध की रिपोर्ट कोरोना पॉजीटिव आई। वृद्ध को बीपी, शुगर जैसे बीमारी भी थी। वहीं हॉस्पिटल में लगा एक 25 वर्षीय चिकित्साकर्मी युवक भी कोरोना पॉजीटिव आया। उसे घर पर ही आईसोलेट किया है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। उन्होंने बताया कि कोरोना को लेकर अलर्ट मोड पर है। आईसीयू में दो बेड कोरोना पॉजिटिव मरीजों के लिए रिर्जव किए है।

# जुझारजी वीरवर नोपचन्द ओझा की मूर्ति की पुनर्स्थापना

**चूरू।** अपने शत्रुओं और समाजकंटकों से लड़ते-लड़ते वीरगति को प्राप्त करने वाले योद्धा को जुझारजी की पदवी से सम्मानित किया जाता है। ऐसे ही एक जुझारजी वीरवर नोपचन्द ओझा की चूरू में आदर्श विद्या मंदिर परिसर स्थित मंदिर का रविवार को जीर्णोद्धार कर विधि-विधान से उनकी मूर्ति की पुनर्स्थापना की गई। इस अवसर पर जोहरी सागर स्थित फलोदी माता के मंदिर से जुझारजी के मंदिर तक गाजे-बाजे के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुषों ने भाग लिया। शोभायात्रा के मार्ग में स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

मंदिर विकास समिति के विनोद ओझा मुन्ना ने बताया कि आज से लगभग तीन सौ वर्ष पूर्व वीरवर नोपचन्द ओझा डाकुओं से लोगों की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। नोपचन्द ओझा की समृति में बने मंदिर का समाज बंधुओं के सहयोग से नए सिरे से जीर्णोद्धार कर यहाँ जुझारजी नोपचन्द ओझा की मूर्ति पुनर्स्थापित की गई है। कार्यक्रम के दौरान सनातनी परंपरा के मुताबिक हवन यज्ञ आदि का आयोजन कर प्रसादी का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में चूरू के सनातन संस्कृति के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।



चूरू में आदर्श विद्या मंदिर परिसर स्थित मंदिर का जीर्णोद्धार कर जुझारजी वीरवर नोपचन्द ओझा की मूर्ति की पुनर्स्थापना की गई।

# अवैध गांजा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**चिड़ावा, (निसं)।** स्थानीय पुलिस ने एजीटीएफ की सूचना पर 190 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीआई आशाराम गुर्जर ने बताया कि कार्यवाहक एसपी देवेंद्र सिंह राजावत, डीएसपी विकास धींधवाल के निर्देशन में कार्रवाई की गई।

- **आरोपी की उम्र 36 वर्ष है, पिछले 19 साल से अपराध में सक्रिय था**
- **पहले करता था चोरी, अब एक साल में ही तीसरी बार नशे की तस्करी में गिरफ्तार हुआ**



पुलिस ने अवैध गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि एजीटीएफ चिड़ावा के प्रभारी हैड कांस्टेबल शशिकांत को सूचना मिली थी कि चौधरी कॉलोनी में एक व्यक्ति के पास संदेहास्पद वस्तु है, जिस पर चिड़ावा थाने से एसआई ताराचंद के नेतृत्व में टीम रवाना हुई। चौधरी कॉलोनी में एक थड़ी के पास थाने का आदतन बदमाश बाबूलाल उर्फ बाबूड़ा निवासी चौधरी कॉलोनी खड़ा था, जिसकी तलाशी ली गई तो एक पॉलिथीन में 190 ग्राम गांजा मिला। जिस पर बाबूलाल उर्फ बाबूड़ा को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार बाबूलाल उर्फ बाबूड़ा की उम्र 36 साल है, लेकिन वह पिछले 19 साल से अपराध में सक्रिय है। 2006 में पहली बार बाबूलाल उर्फ बाबूड़ा नकबजनी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उस पर नकबजनी के कई केस दर्ज हुए। यही नहीं उसे अपहरण करने, दुष्कर्म करने आदि मामलों में भी गिरफ्तार किया गया। पिछले एक साल से बाबूलाल उर्फ बाबूड़ा नशे की तस्करी में सक्रिय है। एक साल में पुलिस ने उसे तीसरी बार गिरफ्तार किया है। पिछले साल भी नौ जून को ही बाबूलाल उर्फ बाबूड़ा नशे की तस्करी के मामले में गिरफ्तार हुआ था और इस बार भी उसे ठीक एक साल बाद पुलिस ने धरा है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# पानी के कुंड में कूदकर महिला ने आत्महत्या की

**सादुलपुर, (निसं)।** जयपुरिया खालसा गांव में स्थित भोमिया मंदिर में बने पानी के कुंड में एक मानसिक रूप से परेशान महिला ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली।

थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया पवन कुमार गवारिया निवासी रतनपुरा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि करीब आठ साल पहले कविता पुत्री रामेश्वर लाल गवारिया निवासी रतनगढ़ के साथ उसकी शादी हुई थी। कविता शादी के बाद उनके पास ही रहती थी। दो बच्चे हैं। सात जून को गांव से जयपुरिया खालसा जो मणियारी का सामान बेचने गई थी। शाम तक घर नहीं आई तो तलाश शुरू की पता चला कि भोमिया मंदिर जयपुरिया खालसा में एक मणियारी के सामान का छाबड़ा पड़ा है। वहां जाकर देखा तो कुंड के पास छाबड़ा पड़ा था। पास में चप्पल पड़ी थी। भोमिया मंदिर में बने कुंड के अंदर देखा तो कविता पानी के ऊपर तैर रही थी। गांव से कई लोग आए और कविता को बाहर निकाला तो पानी में डूबने से उसकी मृत्यु हो चुकी थी। दर्ज मामले में बताया कि कविता ने मानसिक रूप से परेशान होने के कारण खुद पानी में गिर कर आत्महत्या की है। पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण किया तथा मृतका का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया और मामला दर्ज का जांच शुरू कर दी है।

# होटल में रंगरेलियां मनाते युवक गिरफ्तार

**पाटन, (निसं)।** क्षेत्र में होटलों के माध्यम से चल रहे अवैध कार्यों पर पाटन पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनज़र पुलिस द्वारा की जा रही सतत कार्रवाई के तहत रविवार को एक बार फिर बड़ी कार्रवाई सामने आई है। न्यौराणा के पास स्थित एक होटल में छापा मारकर पुलिस ने तेजपाल पुत्र कलू राम गुवारिया, निवासी नाहरेड़ा को रंगरेलियां मनाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं, होटल का संचालक महेश गुर्जर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि बीते एक महीने के भीतर ऐसे मामलों में अब तक सात से आठ आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। क्षेत्र के कई होटलों से अवैध गतिविधियों की सूचना लगातार मिल रही थी, जिसके चलते यह कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि ऐसे अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# श्रीगंगानगर में 47 डिग्री पहुंचा तापमान, भीषण गर्मी ने झुलसाया

## मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। लू का असर तेज हो गया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया है। तापमान 48 डिग्री तक पहुंच सकता है। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। गर्मी का असर शहर से लेकर गांव तक दिखा। दोपहर में सड़कें खाली रहीं। लोग जरूरी काम से ही, सिर ढककर और पानी की बोतल साथ लेकर निकल रहे हैं।

- **लू से थपेड़ों ने परेशानी बढ़ाई, दोपहर में सड़कें सूनी नजर आई**

दोपहर में बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ नजर आया। कई दुकानें दोपहर में ही बंद हो गईं। गांवों में किसान और पशुपालक पेड़ों की छांव या कमरों में पंखे-कूलर के सहारे में बैठे नजर आ रहे हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं से बच्चों और बुजुर्गों की परेशानी बढ़ गई है। अस्पतालों में लू से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। डॉक्टरों ने दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक घर में रहने, ज्यादा पानी पीने और हल्का भोजन करने की सलाह दी है। वहीं कुछ दिन पहले हुई हल्की बारिश से राहत मिली थी। अब गर्मी ने फिर से जोर पकड़ लिया है। पेड़-पौधे मुरझाने लगे हैं। पशुओं को पीने के पानी की कमी हो रही है। नगर परिषद और पंचायतों ने टैंकरों से पानी की आपूर्ति शुरू की है। जिला प्रशासन ने हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। सभी विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# 15 लाख रूपए की शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

## जब्त शराब की सभी बोतलों पर नकली होलोग्राम व लेबल लगे हुये थे

**उदयपुर, (निसं)।** आबकारी निरोधक दल ने उदयपुर के यूनिवर्सिटी रोड़ एवं कोड़ियात क्षेत्र में 355 बोतल नकली होलोग्राम व लेबल की विदेशी मदिरा की बरामद कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बरामद विदेशी मदिरा की अनुमानित कीमत 15 लाख रूपए है। इस प्रकरण में अवैध शराब के नेटवर्क में शामिल मास्टरमाइंड दीपक सुहालका को नामजद करते हुए धरपकड़ एवं अग्रिम कार्रवाई जारी है।

अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि आबकारी निरोधक दल द्वारा उदयपुर शहर के युनिवर्सिटी रोड़ पर स्थित एक मकान की शनिवार मध्य रात्रि तलाशी ली गई। इस मकान से 3 पेटी और यहां एक वाहन से 20 पेटी विदेशी मदिरा सहित कुल 276 बोतल महंगी विदेशी ब्रांड की मदिरा बरामद की गई। इन सभी बोतलों पर नकली होलोग्राम व लेबल लगे थे।

अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि प्रतिबंधित अवैध मदिरा को वैध करने के लिए नकली होलोग्राम स्टिकर व लेबल लगाकर होटल्स व अन्य स्थानों पर सप्लाई करने वाले नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए अन्य व्यक्तियों की धरपकड़ की जा रही है। वहीं इस नेटवर्क के मास्टरमाइंड दीपक सुहालका को नामजद करते हुए अग्रिम कार्यवाही जारी है। आबकारी निरोधक दल द्वारा उदयपुर के कोड़ियात में भी अवैध प्रतिबंधित शराब पर कार्यवाही की गई। कोड़ियात क्षेत्र में अवैध मदिरा का परिवहन करते हुए एक वाहन जब्त करते हुए उसमें विभिन्न महंगे ब्रांड की विदेशी मदिरा की 79 बोतल बरामद की गई। इन सभी बोतलों पर नकली होलोग्राम स्टिकर व लेबल लगे थे। ाबकारी निरोधक दल की दोनों कार्यवाही में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

# नकली नोट बरामद, ट्रक चालक फरार

**बीकानेर, (निसं)।** यहां 200 रुपए के नकली नोट लेकर श्रीगंगानगर से बीकानेर आ रहा ट्रक ट्रेलर का चालक फरार हो गया और नाबालिग खलासी को संप्रेषण गृह भेज दिया गया।

बीकानेर रेंज आईजी की स्पेशल टीम के एसआई देवीलाल सहारण और हेड कांस्टेबल विमलेश बिजारणिया की सूचना पर बजरंग धोरे के पास ट्रक ट्रेलर से 200 रुपए के 29 नकली नोट बरामद किए गए थे। ट्रक में सवार 17 साल के नाबालिग को निरुद्ध किया गया था। पुलिस के हाथ ट्रक का नाबालिग खलासी ही लगा। ट्रक का चालक हनुमानगढ़ में पीलीबंगा निवासी दीपक उर्फ संदीप है जो फरार हो गया। पुलिस ने नाबालिग को संप्रेषण गृह भेज दिया है और चालक की तलाश की जा रही है। ट्रक से 500 रुपए के 14 नोट और 200 रुपए के 62 नोट भी बरामद हुए जो असली पाए गए। पुलिस ने 29 नकली नोटों के साथ ही ये 19,400 रुपए भी जब्त कर लिए। अब तक की छानबीन में सामने आया है कि नकली नोट श्रीगंगानगर की रायसिंहनगर तहसील के मुकलावा से लाए गए। ट्रक मालिक हनुमानगढ़ में जोड़किया का रहने वाला महावीर गोदारा है जिससे पूछताछ की जाएगी। गौरतलब है कि बीकानेर के चानी से ट्रक ट्रेलर में बजरी भरकर पदमपुर के पास 32 एमएल पर खाली किया गया था। वहां से ट्रक बीकानेर आते समय तलाशी में पुलिस को नकली नोट मिले। कोटगेट नोडल पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज है जिसकी जांच एसएचओ विश्वजीतसिंह कर रहे हैं।

# साइबेरियन ग्रेटर फ्लेमिंगो को बड़ोपल झील रास आई

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** ग्रेटर फ्लेमिंगो साइबेरियन पक्षी है जो नवंबर से फरवरी तक सर्दियां बिताने भारत में आते हैं। यह पक्षी भारत में लवणीय मिट्टी और आद्रता वाली जलवायु में रहना पसंद करते हैं। मार्च में ये पक्षी वापस लौट जाते हैं मगर पहली बार इन्हें यहां बड़ोपल झील में जून में भी देखा गया है।

पक्षी प्रेमियों का मानना है कि ग्रेटर फ्लेमिंगो को यहां की जलवायु और एकांत वातावरण पसंद आ गया है। इसीलिए यहां इन्होंने स्थायी निवास कर लिया है। स्वामी बताते हैं कि यह पक्षी बेहद शर्मिले स्वभाव के होते हैं। इसलिए आदमी को देखते ही उड़ जाते हैं। ये पक्षी नर और मादा के जोड़े में ही पाए जाते हैं। इनके शरीर की बनावट और गुलाबी तथा सफेद रंग का संयोजन इनको बेहद आकर्षक बनाता है। यहां ग्रेटर फ्लेमिंगो के अलावा यूरोप और अफ्रीका का पाइड एवोसेट, ऑस्ट्रेलियन ब्लैक नेक्ड स्टॉर्क पक्षी भी रह रहे हैं।

- **यह पक्षी बेहद शर्मिले स्वभाव के होते हें, इसलिए आदमी को देखते ही उड़ जाते हैं**

## एक ही रात में 18 मवेशी चोरी

**पाटन, (निसं)।** गांव रैला में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है, जहां अज्ञात चोरों ने एक किसान के बाड़े से एक ही रात में 18 बकरियां चुरा लीं। यह घटना दो जून की मध्यरात्रि लगभग 12 बजे से एक बजे के बीच की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सतवीर गुर्जर पुत्र ख्यालीराम गुर्जर, निवासी रैला ने पाटन थाने में मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि रोज की तरह उन्होंने अपनी बकरियों को बाड़े में बांधा था, लेकिन सुबह जब उठे तो 18 बकरियां गायब मिली। चोरी की जानकारी मिलते ही उन्होंने आस-पड़ोस में खूब तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। इस घटना के बाद से क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने और पशुओं को बरामद करने की मांग की है। पाटन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही पशु चोरियों से वे परेशान हैं और पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# स्थगन आदेश की अवहेलना, शांतिभंग में तीन गिरफ्तार

**पाटन, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत डोकण के राजस्व ग्राम भीतरों में उपखंड अधिकारी द्वारा जारी स्थगन आदेश की अवहेलना करने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों को शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

- **दो परिवारों के बीच चल रहे जमीनी विवाद के चलते एसडीएम ने क्षेत्र में कृषि कार्य पर स्थगन आदेश जारी किया था**

जानकारी के अनुसार, दो परिवारों के बीच चल रहे जमीनी विवाद के चलते उपखंड अधिकारी ने क्षेत्र में कृषि कार्य पर स्थगन आदेश जारी किया था। इसके बावजूद दोनों पक्ष खेत में जुताई एवं बुहाई करने की कोशिश कर रहे थे और बाद में थाना परिसर में ही आपस में उलझ पड़े।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना अधिकारी विक्रम सिंह ने शीशराम पुत्र रामस्वरूप गुर्जर, विकास पुत्र रामजीलाल तथा महेश पुत्र पूरण मल निवासी भीतरों-को आईपीसी की धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर लिया। थाना अधिकारी ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह आवश्यक कदम उठाया गया है। क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है और दोनों पक्षों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे कानून का पालन करें।



पुलिस ने तीन व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया

# रेप के आरोपी की पुलिस हिरासत में मौत मामले में सहमति बनी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** यहां पुलिस कस्टडी में रेप के आरोपी की मौत के बाद हंगामा मच गया। परिजन और लोग मोर्चरी के बाहर जुट गए। पुलिस बल तैनात करना पड़ा। दो दौर की वार्ता के बाद सहमति बनी। मामला जिले के राजियासर थाना का है।

राजियासर थाना पुलिस ने शुक्रवार 6 जून को रेप के आरोपी मोहन सिंह (26) पुत्र गोमद को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद मोहन की तबीयत बिगड़ गई थी। पुलिस ने बताया कि उसके पेट में दर्द हुआ था। उसे सूरजगढ़ हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। शुक्रवार रात उसे राजियासर थाने के हवालात में रखा गया। शनिवार सात जून की सुबह फिर उसकी तबीयत बिगड़ने पर राजियासर हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां मोहन को मृत घोषित कर दिया गया। शव को राजियासर अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट कर दिया गया। परिजन को मौत की सूचना मिली तो मोर्चरी पर परिजन, रिश्तेदार और बड़ी संख्या में लोग जुट गए। सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर भी पहुंचे। इसके बाद हंगामा-प्रदर्शन शुरू हो गया। परिजनों ने प्रशासन के सामने पांच मांगें रखी जिनमें 50 लाख मुआवजा दिया जाए, मोहन को गिरफ्तार करने वाली टीम पर कार्रवाई की जाए, मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया जाए, रेप मुकदमा दर्ज कराने वाले परिवार पर धमकी देने का केस दर्ज किया जाए, कस्टडी में मौत मामले की न्यायिक मजिस्ट्रेट से जांच कराई जाए।

- **मोर्चरी पर परिजन, रिश्तेदार और बड़ी संख्या में लोग जुटे, प्रशासन के सामने पांच मांगें रखी**
- **हॉस्पिटल में प्रशासन के साथ परिजन की पहले दौर की वार्ता विफल होने के बाद रात 10 बजे दूसरे दौर की वार्ता में सहमति बनी**

राजियासर हॉस्पिटल में प्रशासन के साथ परिजन की पहले दौर की वार्ता विफल होने के बाद रात 10 बजे दूसरे दौर की वार्ता में सहमति बनी। वार्ता में विधायक डूंगरराम गेदर, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह भादू, किसान नेता राकेश बिश्नोई ,जयवर्धन सिंह व सुभाष सिहाग मौजूद थे। प्रशासन ने मांगें मानी तो परिजन पोस्टमॉर्टम के लिए तैयार हुए।

विधायक डूंगरराम गेदर ने बताया कि परिजन को 15 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। आरोपी पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया जाएगा। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम होगा और मामले की न्यायिक जांच की सिफारिश की जाएगी।

कस्टडी में मौत के मामले की जानकारी मिलने पर शनिवार को एसपी गौरव यादव व जिला कलेक्टर डॉ मंजू चौधरी भी राजियासर पुलिस थाने पहुंचे थे और घटनास्थल का मुआयना किया। जिलेभर के थानों और पुलिस लाइन से जाप्ता बुलाकर राजियासर में तैनात कराया। राजियासर में एएसपी रघुवीर प्रसाद शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, डीएसपी प्रतीक मील, श्रीगंगानगर के कोतवाली थानाधिकारी पृथ्वीपाल सिंह, महाजन थानाधिकारी कश्यप सिंह, सूरतगढ़ सिटी थानाधिकारी दिनेश सहारण, रामसिंहपुर थानाधिकारी सुभाष बराला मौके पर ही मौजूद रहे।

# भक्ति भावना को सुदृढ़ करते हैं धार्मिक आयोजन : देवस्थान मंत्री


डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

- मंत्री ने प्रतिभाशाली विद्यिर्थयों को किया सम्मानित

**जयपुर।** जालौर जिले की आहौर तहसील क्षेत्र के गांव बावड़ी में श्री राधा कृष्ण व रामदेव मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन अवसर पर भजन संध्या एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। गोपाल विकास समिति के सौजन्य में आयोजित कार्यक्रम में पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर भक्ति से ओत-प्रोत माहौल में भगवान का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक जागरूकता एवं भक्ति भावना को सुदृढ़ करते हैं। हमें धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि ये हमारी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का सशक्त माध्यम हैं।

धार्मिक वातावरण में मानसिक शांति और आत्मिक बल की अनुभूति होती है। इन कार्यक्रमों में सहभागिता से नई पीढ़ी को संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारियों की सीख मिलती है। इससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर संचार बना रहता है। उन्होंने राज्य सरकार की पशुपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी। कुमावत ने ग्रामीणों से आ ान किया कि वे कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं। कार्यक्रम से पूर्व में भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर ध्वजारोहण, महाप्रसादी का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जोराराम कुमावत ने आठवीं, दसवीं व 12 वीं में उच्च अंक हासिल करने वाले गांव के छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। भजन संध्या में गायक अशोक प्रजापत बालोरा व खुशबु माली ने भजनों से समा बांधा।

## शिवालयों में सजी भोलेनाथ की विशेष झांकी

**जयपुर।** विभिन्न योग संयोगों में ज्येष्ठ माह के रवि प्रदोष में रविवार को भगवान शिव की विशेष पूजा की गई। छोटीकाशी के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं ने महादेव का दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक किया। इसके साथ ही विशेष अनुष्ठान भी किए गए। त्रिपोलिया बाजार तंवर जी का नोहरा स्थित शिव हनुमान मंदिर में भगवान भोलेनाथ का सहस्त्र घटाभिषेक किया गया। पंडित दिनेश शर्मा के आचार्यत्व में पांच विद्वानों ने पंचामृत, गन्ने के रस सहित अनेक द्रव्यों से वेद मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया। इससे पूर्व मुख्य यजमान तरुण भारती गणपति गौरी, कलश, पितृ गणों का षोडशोपचार पूजन किया । शाम को भगवान भोलेनाथ, हनुमान जी, दुर्गा माता का फूलों से श्रृंगार कर महाआरती की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान की प्रसादी ग्रहण की।

ताड़केश्वर, झाडख़ंड, जंगलेश्वर, चमत्कारेश्वर, धुलेश्वर, रोजगारेश्वर महादेव मंदिर और गलता गेट स्थित संतानप्रदेश्वर शिव मंदिर में भी प्रदोष पर विशेष झांकी सजाई गई । गलता गेट स्थित संतानप्रदेश्वर शिव मंदिर में पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सान्निध्य में भगवान भोलेनाथ का विशेष पूजन किया। श्रद्धालुओं ने द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए। मंदिरों में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। भगवान शिव की फूल-बंगला झांकी सजाई गई। मंदिरों में भगवान को भोग लगाने के बाद प्रसाद बांटा गया। भक्तों ने मनोकामना पूर्ति के लिए पूजन किया।

# वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत जागरुकता रैली निकाली


जयपुर के सांगानेर तहसील की भापुरा की बावड़ी से प्रभात फेरी एवं जन जागरुकता रैली का आयोजन किया।

**जयपुर।** वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत रविवार को जयपुर के सांगानेर तहसील की भापुरा की बावड़ी से प्रभात फेरी एवं जन जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी तादाद में जन प्रतिनिधियों, स्कूली छात्र-छात्राओं, नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवकों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं, संगठनों के सदस्यों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम स्थल पर वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के तहत स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान, पौधारोपण तथा पक्षियों के लिए परिंडा वितरण जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में ग्रामीण जनभागीदारी एवं जनजागरूकता सुनिश्चित करते हुए श्रमदान का कार्यक्रम भी आयोजित करवाया गया।

इस अवसर पर विकास अधिकारी ज्योति प्रजापत, सहायक अभियंता हरीश वर्मा (नरेगा), मुकेश देवेन्दा (वाटरशेड) सहित अन्य विभागीय अधिकारी, पंचायत समिति के गणमान्य व्यक्ति एवं कई ग्रामीणों ने भाग लिया।

## युवक ने जहर खाकर जान दी

**जयपुर।** जालूपुरा थाना इलाके में एक युवक ने खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार जहर खाने से पहले युवक ने डायरी में 23 पेज का सुसाइड नोट भी लिखा है। जांच अधिकारी पुलिस हेड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद ने बताया कि दौसा के महुआ निवासी छगन सिंह (28) ने जहर खाकर अपनी जान दी है।

# मंदिर-मजिस्दों में लगी दानपेटी से नकदी चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दरगाह की दान पेटी का ताला तोड़कर चोरी करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपित के पास से चुराई गई नकदी सहित ताले तोड़ने के काम में लिए गए नकब भी बरामद किए गए है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित मंदिर-मजिस्दों में लगी दानपेटीयों की रेकी कर चोरी करने की वारदात करता है। जिसने पूछताछ में आधा दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है।

भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दरगाह की दान पेटी का ताला तोडकर चोरी करने वाले मोहम्मद रिजवान निवासी भट्टा बस्ती जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से वारदात में प्रयुक्त औजार एक लोहे की राड सहित अन्य सामान जब्त किए गए है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित मंदिर-मजिस्दों में लगी दानपेटीयों की रेकी कर चोरी करने की वारदात करता है।

# संयुक्त राष्ट्र ने विकलांगों के कल्याणार्थ प्रस्तुति देने के लिए आमन्त्रित किया

- संयुक्त राष्ट्र संघ ने बी.एम. वी.एस. एस. ने बी.एम.वी. एस.एस. द्वारा विकलांगों के कल्याणार्थ किए गए कार्यों और विश्व भर के 44 देशों में 114 विशेष शिविरों के आयोजन से 50 हजार विकलांगों के पुर्नवास के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए विकलांगता पर होने वाली इस अन्तर्राष्ट्रीय गोष्ठी के लिए निमन्त्रित किया हैं

**जयपुर।** विकलांगों के पुर्नवास की विश्व की अग्रणी संस्था जयपुर की भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) जो विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट का निर्माण करती हैं को संयुक्त राष्ट्र ने विकलांगों के कल्याणार्थ प्रस्तुति देने के लिए आमन्त्रित किया हैं।

बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता और अध्यक्ष सतीश मेहता विकलांगता पर होने वाले दो सत्रों में अपनी प्रस्तुति मंगलवार को न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय में होने वाले सत्रों में देंगे।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने बी.एम. वी.एस. एस. ने बी.एम.वी. एस.एस. द्वारा विकलांगों के कल्याणार्थ किए गए कार्यों और विश्व भर के 44 देशों में 114 विशेष शिविरों के आयोजन से 50 हजार विकलांगों के पुर्नवास के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए विकलांगता पर होने वाली इस अन्तर्राष्ट्रीय गोष्ठी के लिए निमन्त्रित किया हैं।

उल्लेखनीय है कि बी.एम. वी.एस.एस. ने 1975 में अपनी स्थापना के बाद देश-विदेश में 24 लाख विकलांगों का निःशुल्क पुर्नवास किया है। जयपुर फुट के माध्यम से ऐसे लाखों लोग चलने-फिरने योग्य बन गए हैं। इस वर्ष बी.एम.वी.एस.एस. अपनी स्वर्ण जयन्ती मना रही हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ के न्यूर्याक स्थित मुख्यालय में दो सत्रों के अलावा बुधवार को संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश से एशिया, अफ्रीका और लेटिन अमेरिका के संयुक्त राष्ट्र संघ में कार्यरत स्थायी प्रतिनिधियों को भारत सरकार और बी.एम.वी.एस.एस. के संयुक्त प्रयासों के चल रहे इण्डिया फॉर ह्यूमैनिटीज़ कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए निमन्त्रित किया हैं। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विदेशों में विकलांगों के पुर्नवास संस्था कार्यक्रम विशेष शिविरों के आयोजन से किया जाता हैं।

उल्लेखनीय हैं कि संयुक्त राष्ट्र साधारण सभा के तत्कालीन अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस गत वर्ष जनवरी में विशेष रूप से जयपुर फुट की निर्माण विधि देखने आए थे ।

# मोटा मुनाफे का झांसा देकर ठगे 23 लाख

- आरोपी ने अपनी मूल राशि और मुनाफा मांगा तो उसने नया टास्क दे दिया और कहा इसे पूरा करते ही पूरी राशि ले लेना। इससे उसे ठगी का अहसास हुआ। पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
- नर्सिंग विहार कालवाड रोड निवासी कृष्ण कुमार ने करधनी थाने में मामला दर्ज करवाया कि उसके सोशल मीडिया एप पर जय कुमार वर्मा ने एक लिंक भेजा। आरोपी ने उसे निवेश करने पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया

जयपुर। साइबर ठगों का जाल लगातार पैर पसारता जा रहा है। साइबर ठगों ने तीन लोगों को झांसे में लेकर उससे 23 लाख रुपए से ज्यादा की राशि ठग ली।

बालाजी अपार्टमेंट गणेश नगर निवारू रोड निवासी रामनिवास सिनसिनवार ने करधनी थाने में मामला दर्ज करवाया कि उसके सोशल मीडिया एप पर एक लिंक आया। लिंक पर क्लिक करते ही वह एक ग्रुप में जुड़ गया। इसमें घर बैठे थोडा निवेश करने पर मोटा मुनाफे की बात कहीं गई। इस पर पीड़ित ने शुरू में कुछ राशि का निवेश किया।

इसके बाद उसे उसका लाभ भी मिला। इसके बाद पीड़ित एक के बाद एक कर टास्क पूरा करता चला गया, लेकिन कभी उसके मुनाफे की राशि दी तो कभी नहीं दी। ऐसे में उससे कई बार में 8 लाख 42 हजार 585 रुपए का निवेश करवा लिया। मोटा निवेश करने के बाद जब उसने अपना मुनाफा मांगा तो उसे और टास्क पूरा करने को कहा गया। इस पर उसे ठगी का अहसास हुआ और उसने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इसी प्रकार नर्सिंग विहार कालवाड रोड निवासी कृष्ण कुमार ने करधनी थाने में मामला दर्ज करवाया कि उसके सोशल मीडिया एप पर जय कुमार वर्मा ने एक लिंक भेजा। आरोपी ने उसे निवेश करने पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिय। इस पर युवक ने लिंक पर जुड़कर निवेश करना शुरू कर दिया। इस पर पीड़ित ने शुरू में कुछ राशि का निवेश किया। इसके बाद उसे उसका लाभ भी मिला। इसके बाद पीड़ित एक के बाद एक कर टास्क पूरा करता चला गया, लेकिन कभी उसके मुनाफे की राशि दी तो कभी नहीं दी। ऐसे में उससे कई बार में साढ़े पांच लाख रुपए का निवेश करवा लिया गया।

जब उसने आरोपी ने अपनी मूल राशि और मुनाफा मांगा तो उसने नया टास्क दे दिया और कहा इसे पूरा करते ही पूरी राशि ले लेना। इससे उसे ठगी का अहसास हुआ। पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आंकेडा चौड भट्टों वाली गली निवासी विनोद कुमार कुमावत ने चौमूं थाने में मामला दर्ज करवाया कि उसके पास सोशल मीडिया एप पर लिंक भेजकर निवेश करने पर मोटा मुनाफे का झांसा दिया गया। इस पर युवक ने झांसे में आकर निवेश करना शुरू कर दिया। पीड़ित को शुरू में निवेश करने पर मुनाफा व मूल राशि दी गई। कई बार उसने टास्क पूरा किया और उसे राशि भी लौटा दी गई।

इस पर प्रकार उसका विश्वास जीत लिया गया। इसके बाद पीडित ने लगातार कई बार में 10.24 लाख रुपए का निवेश कर दिया। लगातार निवेश करने पर जब उसने अपना मुनाफा और मूल राशि मांगी गई तो उसे एक बड़ा टास्क देकर उसे पूरा करने को कहा गया। इस पर उसे ठगी का अहसास हुआ। इस पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली।

# जॉली एलएलबी-3 के खिलाफ लंबित वाद खारिज

- परिवाद के खिलाफ सुभाष कपूर व अन्य ने प्रार्थना पत्र पेश कर परिवाद पर प्रारंभिक आपत्तियां उठाई थी। प्रार्थना पत्र में परिवाद को प्री-मैच्योर बताते हुए कहा गया कि अभी फिल्म रिलीज ही नहीं हुई है और संभावना मात्र पर परिवाद पर सुनवाई नहीं हो सकती। इस प्रार्थना पत्र को निचली अदालत ने खारिज कर दिया था

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जॉली एलएलबी-3 की शूटिंग से जुडे मामले में अजमेर की निचली अदालत में लंबित वाद को खारिज कर दिया है। जस्टिस अशोक कुमार जैन ने यह आदेश अक्षय कुमार और अरशद वारसी सहित अन्य की याचिका को मंजूर करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि कोई भी दावा आशंकाओं पर नही चल सकता हैं। फिल्म अभी निर्माणाधीन हैं। ऐसे में यह कहना कि फिल्म में जज और वकीलों की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, यह केवल आशंका मात्र हैं। सिनेमेटोग्राफी एक्ट-1952 के तहत रिलीज से पहले फिल्म का कंटेट पब्लिकली नहीं किया जा सकता हैं। यदि फिल्म के किसी दृश्य को लेकर अगर आपत्ति है तो इसके खिलाफ सेंसर बोर्ड में शिकायत और अपील का प्रावधान हैं।

मामले के अनुसार अजमेर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्रभान राठौड ने निचली अदालत में यह कहते हुए परिवाद पेश किया था कि फिल्म के जरिए न्यायाधीशों और वकीलों की छवि को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। फिल्म के रिलीज हो चुके दो पार्ट में भी न्यायपालिका की छवि को धूमिल किया गया था। इसके अलावा सरकारी इमारत में शूटिंग नहीं की जा सकती।

ऐसे में फिल्म की शूटिंग रोकी जाए और जज और वकीलों को दिखाकर की फिल्म का प्रदर्शन किया जाए। परिवाद के खिलाफ सुभाष कपूर व अन्य ने प्रार्थना पत्र पेश कर परिवाद पर प्रारंभिक आपत्तियां उठाई थी। प्रार्थना पत्र में परिवाद को प्री-मैच्योर बताते हुए कहा गया कि अभी फिल्म रिलीज ही नहीं हुई है और संभावना मात्र पर परिवाद पर सुनवाई नहीं हो सकती। इस प्रार्थना पत्र को निचली अदालत ने खारिज कर दिया था। इस पर हाईकोर्ट में रिवीजन याचिका दायर कर कहा गया कि परिवाद महज आशंका पर पेश किया था और फिल्म के दृश्यों की जांच का अधिकार सेंसर बोर्ड को है।

यदि सेंसर बोर्ड से फिल्म पास होती है तो उसके खिलाफ अपील का प्रावधान है। इसके अलावा रेलवे से मंजूरी लेकर डीआरएम ऑफिस में शूटिंग की गई थी और उसके बदले विभाग को 25 लाख रुपए का भुगतान भी किया गया था। इसलिए वाद को खारिज किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने गत वर्ष 2 अगस्त को निचली अदालत की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी थी। इसके अलावा अदालत ने गत मार्च माह में सभी पक्षों की बहस सुनकर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## विधानेश्वर महादेव मंदिर में देव प्राण प्रतिष्ठा

- विधान सभा कर्मियों ने श्री देवनानी को प्रसादी भेंट की
- देवनानी का मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी ने सहयोग के लिए जताया आभार

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को रविवार को प्रातः यहां सिविल लाइंस स्थित राजकीय निवास पर विधानेश्वर मंदिर कार्यकारिणी के सदस्यों, विधानसभा अधिकारियों और कर्मचारियों ने विधान सभा नगर, मानसरोवर स्थित श्री विधानेश्वर महादेव मंदिर के देव प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की प्रसादी भेंट की। देवनानी का मंदिर प्रबंध मंडल समिति ने सहयोग के लिए आभार जताया।

धौलाई स्थित विधान सभा नगर में स्थापित श्री विधानेश्वर महादेव मंदिर में देव प्राण-प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में कलश यात्रा, हवन, जलाधिवास, महास्नान तथा प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूर्ण आहूति, महाआरती और प्रसादी का वितरण किया गया।

# श्री कल्याण जी मंदिर का जीर्णोद्धार महोत्सव संपन्न



**जयपुर।** श्री कल्याण जी मंदिर के जीर्णोद्धार के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय समारोह रविवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। आयोजक बाबूलाल शर्मा ने बताया कि सवाई मानसिंह अस्पताल रोड पर डिग्गी पैलेस के सामने स्थित मंदिर श्री कल्याण जी का जीर्णोद्धार कराया गया है। इसी उपलक्ष्य में 6 जून को सुबह 9 जल यात्रा और 11 बजे पाठ के साथ यह महोत्सव शुरू हुआ।

शनिवार को रामायण जी की आरती के साथ वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन और हवन हुआ। रविवार को मूर्ति प्रतिष्ठा और सहस्त्र घट के बाद शाम 7 बजे प्रसादी कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर एडवोकेट राधेश्याम शर्मा, एडवोकेट पंकज शर्मा, प्रणव शर्मा, आदित्य शर्मा, पूर्वांश शर्मा समेत कई अतिथि और गणमान्य मौजूद रहे।

# जयपुर को योगमय बनाने की मुहिम का आगाज


नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर की पहल पर झोटवाड़ा के बायोडायवर्सिटी पार्क से जयपुर वासियों को फिर से एक बार योगमय बनाने की मुहिम का आगाज किया।

- बायोडायवर्सिटी पार्क में आयोजित किया गया प्रथम योग शिविर
- 11 जून को विद्याधर नगर के स्मृति वन में आयोजित किया जाएगा योग शिविर

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर की पहल पर जयपुर वासियों को फिर से एक बार योगमय बनाने की मुहिम का आगाज रविवार से हो गया है यह आगाज रविवार को झोटवाड़ा के बायोडायवर्सिटी पार्क से किया गया जहां नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉक्टर सौम्या गुर्जर ने आमजन के साथ योगाभ्यास किया तथा बायोडायवर्सिटी पार्क में आमजन के साथ पौधारोपण भी किया । इस वर्ष योग शिविरों की सबसे खास बात यह है कि इन योग शिविरों को यज्ञ व प्रकृति के साथ जोड़ा गया है महापौर ने इस अवसर पर बताया कि इस वर्ष 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम है इसलिए योग शिविरों को यज्ञ व प्रकृति के साथ भी जोड़ा गया है योग शिविरों में जब तक योगाभ्यास किया जाता है तब तक अनवरत रूप से यज्ञ भी किया जा रहा है इसके साथ ही प्रतिभागियों को भी उपहार स्वरूप पौधा वितरण किया जा रहा है। हर घर आंगन में योग पहुंचे हर घर हरा भरा हो यह हम सभी का प्रयास है।

योग शिविरों में योगाचार्य कुल भूषण बैराठी योगाचार्य प्रीति, सतपाल जी, योगी मनीष द्वारा योगाभ्यास करवाये गये। आगामी शिविर 11 जून को स्मृति पार्क विद्याधर नगर ,सीकर रोड पर आयोजित किया जाएगा जहां आमजन द्वारा योगाभ्यास किया जाएगा।

## युवती के गले से चेन तोड़ भागे बदमाश

**जयपुर।** जवाहर नगर थाना इलाके में घर से सामान लेने निकली युवती के गले से बदमाशों ने सोने की चेन तोड बाइक से तेजी से फरार हो गए। पुलिस बाइक सवार चेन स्नेचरों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि जवाहर नगर के रहने वाले कुलदीप त्रिपाठी ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी भतीजी के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात हुई है। उसकी भतीजी घर का सामान लेने मामा की होटल गई थी। सामान लेकर वापस घर लौटते समय जैन मंदिर के पास बाइक सवार दो बदमाश पीछे से आए। बदमाशों ने उसके गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़ ली। शोर मचाने पर दोनों बदमाश तेजी से बाइक से फरार हो गए। चेन स्नेचिंग की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने घटनाक्रम की जानकारी लेकर इलाके में नाकाबंदी भी करवाई,लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस जांच में सामने आया कि बाइक की नंबर प्लेट पर सफेद पट्टी लगा रखी थी और दोनों बदमाशों ने अपने मुंह पर तौलिया बांध रखा था। पुलिस वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ बाइक सवार लुटेरों की तलाश कर रही है।

# राजस्थान विश्वविद्यालय में हुआ कर्मयोगी भारत निर्माण विषय पर विशिष्ट व्याख्यान



संवाद कार्यक्रम के तहत 'कर्मयोगी भारत निर्माण: मानव अधिकार एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित हुआ।

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के मानवीकी पीठ के हिंदी विभाग में मंथन और संवाद कार्यक्रम के तहत 'कर्मयोगी भारत निर्माण: मानव अधिकार एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता श्री रामकृष्ण गोस्वामी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान द्वारा भागवत गीता के कर्म विज्ञान को मूल आधार बनाते हुए आदर्श समाज व आदर्श राष्ट्र निर्माण की बात उपस्थित समस्त सभासदों के समक्ष प्रस्तुत की। माननीय गोस्वामी जी का भगवद गीता के माध्यम से संदेश प्रचारित एवं प्रसारित करने की यह यात्रा तिहाड़ जेल से प्रारंभ हुई जहां पर गोस्वामी जी कैदियों को गीता का अध्ययन करवाते थे। अपराध मुक्त भारत राष्ट्र की नींव डालने का प्रयास वहीं से प्रारंभ हुआ। पुलिस प्रशासन व विभिन्न विश्वविद्यालयों में भी प्रचार प्रसार किया। साथ ही साथ सामाजिक, राजनीतिक व आध्यात्मिक क्षेत्र में भागवत गीता के कर्म योग विज्ञान के आधार पर क्षमता व कौशल निर्माण हेतु स्वामी जी सदैव प्रयासरत हैं।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर नंद किशोर पांडेय, पूर्व विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, ने बताया कि भगवद गीता व रामचरितमानस भारत को पहचान जानने हेतु मूल ग्रन्थ हैं। विभिन्न संतों की वाणी, मदन मोहन मालवीय जी एवं महात्मा गांधी जी के गीता से संबंधित विभिन्न तथ्य व संस्मरण उपस्थित लोगों को बताए।

अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री महेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार ने गीता से संबंधित अपने व्यक्तिगत अनुभवों को सभी से साझा किया। उपस्थित विभिन्न छात्रों व गणमान्य व्यक्तियों ने कई प्रश्न किए जिनका संभावित समाधान माननीय गोस्वामी जी द्वारा गीता के ही श्लोकों के माध्यम से उन्हें उपलब्ध करवाया। कार्यक्रम का संचालन समाज विज्ञान शोध केंद्र, राजस्थान विश्वविद्यालय के निदेशक डॉक्टर अनिल अनिकेत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में माननीय गोस्वामी जी द्वारा प्रोफेसर नंद के किशोर पांडेय, पूर्व विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय; प्रोफेसर राजीव अग्रवाल, मैकेनिकल विभाग,



भारत की नंबर वन महिला स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह को पीएसए अवाड्र्स 2024-25 में दोहरे पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

भारत की नंबर वन महिला स्क्वैश खिलाड़ी, पीएसए अवाड्र्स 2024-25 में दोहरे पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**




## मिचेल मार्श

**ऑस्ट्रेलिया** के मिचेल मार्श ने सबसे ज्यादा 56 चौके लगाए। मार्श के नाम सबसे ज्यादा 6 फिफ्टी भी रहीं, साथ ही वे सीजन में शतक बनाने वाले पहले विदेशी भी रहे। वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन ने सभी खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा 40 छक्के लगाए। 500 रन बनाने वाले विदेशियों में उनका स्ट्राइक रेट भी सबसे ज्यादा रहा। साउथ अफ्रीका के हेनरिक क्लासन ने अपनी टीम के लिए आखिरी मैच में महज 37 गेंद पर शतक लगा दिया। यह टूर्नामेंट इतिहास का चौथा सबसे तेज शतक रहा।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज जब इंग्लैंड में आयोजित होती है, तब इसे पटौदी ट्रॉफी कहा जाता था। जब ये ट्रॉफी भारत में खेली जाती है तो इसे एंथनी डी मेलो ट्रॉफी कहा जाता था।

# रेड बॉल क्रिकेट में कोहली बहुत आगे, रो-को टर्म का इस्तेमाल भी सही नहीं




नई दिल्ली, 8 जून। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की टेस्ट क्रिकेट में कोई तुलना नहीं। रेड बॉल फॉर्मेट में कोहली का करियर रोहित से बहुत ज्यादा आगे हैं। रोहित अगर इंग्लैंड में ज्यादा टेस्ट खेलते तो उनका बैटिंग औसत 30 का भी नहीं रहता। मांजरेकर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो पोस्ट की और कहा, रोहित और विराट को वनडे में जरूर कम्पेयर किया जा सकता है, लेकिन टेस्ट में दोनों के बीच बहुत बड़ा अंतर रहा। रोहित को विराट से जोड़ना गलत संजय मांजरेकर ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, ''भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा, उन्हें रोहित शर्मा और विराट कोहली की कमी महसूस होगी, लेकिन उन पर इस बात का दबाव नहीं है। इस बयान के एक फैक्ट ने मुझे बहुत परेशान किया, जो बहुत दिनों से मेरे दिमाग में था। वह ये कि विराट और रोहित को बेमतलब एक साथ क्लब किया जा रहा है। दोनों के लिए अब रो-को टर्म का इस्तेमाल भी किया जाने लगा। जो गलत है'' वनडे में तुलना ठीक, लेकिन टेस्ट में गलत मांजरेकर ने अपने वीडियो में आगे कहा, ''वनडे क्रिकेट में रो-को टर्म का इस्तेमाल मुझे समझ आता है, हालांकि यहां भी कुछ अंतर है, लेकिन उस पर बाद में कभी बात की जाएगी। फिलहाल मैं दोनों की टेस्ट क्रिकेट में तुलना से नाराज हूं।

रेड बॉल क्रिकेट में दोनों की कोई तुलना होनी ही नहीं चाहिए। मैं दोनों को कभी भी एक ही तराजू में नहीं रखूंगा। अगर मैं नंबर्स की ही बात करूं तो विराट कोहली ने (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) देशों में 12 शतक लगाए हैं। जबकि रोहित 1 ही शतक लगा सके। नंबर्स उनके लिए बता रहा हूं, जिन्हें मेरी बातों से फर्क नहीं पड़ता।''

रोहित ज्यादा टेस्ट खेलते तो औसत 30 से कम होता मांजरेकर ने आगे कहा, ''रोहित ने देशों में करीब 100 पारियां खेलीं, लेकिन एक ही सेंचुरी लगा सके। यह शतक भी 2021 में आया। उनका बैटिंग औसत जरूर 40 के करीब है, लेकिन वे थोड़े और टेस्ट खेलते तो औसत गिरकर 30 पर पहुंच जाता। अगर वे इंग्लैंड के खिलाफ ही अगली सीरीज खेलते तो औसत बहुत गिर जाता। जब बात टेस्ट क्रिकेट की आती है, प्लीज रोहित और विराट की तुलना न करें। विराट रेड बॉल क्रिकेट में बहुत ऊपर हैं, अगर रोहित से उनकी तुलना की जाए। व्हाइट बॉल क्रिकेट में जरूर रो-को टर्म का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन रेड बॉल क्रिकेट में, प्लीज इसका इस्तेमाल बंद कर दीजिए।''

# दूसरा अनऑफिशियल टेस्ट- इंडिया-ए को 21 रन की बढ़त




## इंग्लैंड लायंस पहली पारी में 327 पर ऑलआउट

नई दिल्ली, 8 जून। इंडिया-ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट में 21 रन की बढ़त हासिल कर ली। रविवार को मुकाबले के तीसरे दिन इंग्लैंड लायंस की टीम 327 रन बनाकर सिमट गई। इंडिया-ए ने पहली पारी में 348 रन बनाए थे, इसलिए उन्हें 21 रन की बढ़त मिली। दूसरे सेशन में इंग्लैंड ऑलआउट नॉर्थैम्प्टन में मुकाबले के तीसरे दिन इंग्लैंड लायंस ने 192/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। खलील अहमद ने लंच सेशन में 4 विकेट झटके और इंग्लैंड लायंस का स्कोर 217/7 कर दिया। फरहान अहमद ने 24, जोश टंग ने 36 और एडी जैक ने 16 रन बनाकर टीम को किसी तरह 300 के पार पहुंचाया। अंशुल कम्बोज ने जैक को बोल्ड किया और इंग्लैंड लायंस 327 रन बनाकर ऑलआउट हुई। इंडिया-ए से कम्बोज और तुषार देशपांडे ने 2-2 विकेट लिए। खलील अहमद को 4 विकेट मिले। वहीं तनुष कोटियन और नीतीश कुमार रेड्डी ने 1-1 विकेट लिया।

इंग्लैंड से 2 प्लेयर्स की फिफ्टी इंग्लैंड लायंस के लिए एमिलियो गे ने 71 और टॉम हैंस ने 54 रन बनाए। बाकी प्लेयर्स फिफ्टी नहीं लगा सके। जॉर्डन कॉक्स ने 45, बेन मैकिनी ने 12 और कप्तान जैम्स रीऊ ने 10 रन बनाए। मैक्स होल्डन 7 और क्रिस वोक्स 5 ही रन बना सके। जॉर्ज हिल खाता भी नहीं खोल पाए। शनिवार को इंडिया ए ने 319/7 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 29 रन बनाने में आखिरी 3 विकेट गंवा दिए। किस वोक्स ने 3 विकेट झटके। जोश टंग और ठोस हिल को 2-2 विकेट मिले। इंग्लैंड ने 3 विकेट खोकर 192 रन बना लिए। पहले दिन केएल राहुल ने 116 रनों की शतकीय पारी खेली। राहुल के अलावा, ध्रुव जुरेल (52 रन) ने अर्धशतक जमाया। करुण नायर ने 40 और नीतीश कुमार रेड्डी ने 34 रन बनाए। पहले दिन बारिश की वजह से 83 ओवर का ही खेल हो पाया।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया की सगाई हुई

*लखनऊ, 8 जून। क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी लखनऊ के द सेंट्रम होटल में हुई। रिंकू और प्रिया एक-दूसरे का हाथ पकड़कर हॉल में पहुंचे। स्टेज पर रिंकू ने प्रिया को रिंग पहनाई, तो वह भावुक हो गई और फफककर रो पड़ीं। रिंकू ने उन्हें संभाला। इसके बाद दोनों ने हाथ उठाकर प्यार का इजहार किया और सेरेमनी में आए लोगों को थैंक्यू कहा। इस दौरान प्रिया ने पिंक लहंगा पहना था और रिंकू व्हाइट शेरवानी पहने थे। रिंग सेरेमनी के समय बैकग्राउंड में शाहरुख खान की फिल्म डंकी का गाना ओ माही, ओ माही बज रहा था। रिंग सेरेमनी के बाद रिंकू और प्रिया ने केक काटा और एक-दूसरे को खिलाया। इसके बाद मेहमानों और परिवारवालों के साथ प्रिया-रिंकू ने जमकर डांस किया। इससे पहले, रविवार सुबह रिंकू होटल में अपने परिवार के साथ ब्रेकफास्ट कर रहे थे, तभी प्रिया सरोज पहुंचीं। रिंकू ने उन्हें हैलो कहा और वेटर से अपने रूम का एक्सेस कार्ड दिलवाया। प्रिया रिंकू के कमरे में गईं। वहां रिंकू का कोट-पैंट रखकर लौट आईं। प्रिया-रिंकू ने एक दूसरे को डिजाइनर रिंग पहनाई प्रिया ने रिंकू को कोलकाता से मंगवाई गई डिजाइनर रिंग पहनाई, जबकि रिंकू ने प्रिया को मुंबई से खरीदी गई डिजाइनर रिंग पहनाई। दोनों अंगूठियों की कीमत 2.5 लाख रुपए है। प्रिया का लहंगा दिल्ली की मशहूर फैशन डिजाइनर महिमा महाजन ने और रिंकू की शेरवानी मुंबई के एक डिजाइनर ने तैयार की।अखिलेश समेत 300 गेस्ट शामिल हुए रिंग सेरेमनी में अखिलेश यादव, डिंपल यादव, जया बच्चन, शिवपाल यादव, इकरा हसन समेत 300 वीआईपी गेस्ट शामिल हुए। अखिलेश ने दोनों के साथ फोटो खिंचवाई और काफी देर तक बातचीत की। समारोह में उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, पूर्व क्रिकेटर पीयूष चावला और प्रवीण कुमार भी मौजूद रहे। इसके अलावा, गेंदबाज यश दयाल भी समारोह में पहुंचे, जिनकी गेंदों पर रिंकू ने लगातार 5 छक्के लगाकर क्रिकेट में स्टारडम हासिल किया था। प्रिया के विधायक पिता तूफानी सरोज ने सभी मेहमानों का वेलकम किया। उन्होंने सपा नेताओं को नसीहत दी कि यह कोई पार्टी का कार्यक्रम नहीं है, इसलिए फोटो खिंचवाने के लिए धक्का-मुक्की न करें। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- अगर राजनीति और खेल से जुड़े दो लोग अपने विचारों के साथ जुड़ते हैं, तो उनका स्वागत है। हमने उन्हें आशीर्वाद दिया। रिंकू ने बहुत कम उम्र में क्रिकेट में बड़ा मुकाम हासिल किया है। वहीं, प्रिया भी बेहद कम उम्र में सांसद बनी हैं। अरसे बाद एक ही जगह नजर आया यादव परिवार का कुनबा रिंग सेरेमनी में यादव परिवार का पूरा कुनबा एक ही जगह पर नजर आया। सबसे पहले राम गोपाल यादव होटल पहुंचे, इसके बाद शिवपाल, फिर अखिलेश, डिंपल और धर्मेंद्र यादव एक साथ पहुंचे। सैफई के अलावा, यह परिवार लखनऊ में लंबे समय बाद इकट्ठा हुआ। इससे पहले, मुलायम सिंह यादव जब मेदांता हॉस्पिटल में एडमिट थे, उस समय परिवार के सभी लोग एक साथ मौजूद थे।*

## नीलामी में तीन खिलाड़ी बिके सबसे महंगे

कालीकट, 8 जून। प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के चौथे सत्र के लिए रविवार को हुई नीलामी में तीन खिलाड़ी सबसे महंगे बिके। चेन्नई ब्लिट्ज ने प्लैटिनम कैटेगरी से जेरोम विनीत सी, कालीकट हीरोज ने स्थानीय खिलाड़ी शमीमुद्दीन और कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने विनीत कुमार को 22.5 लाख रुपये में खरीदा। आज यहां आयोजित नीलामी में देशभर की टीमों ने बड़े-बड़े खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल करने के लिए बोली लगाई।

इस दौरान चेन्नई ब्लिट्ज ने प्लैटिनम कैटेगरी से जेरोम विनीत सी को खरीदने के लिए चेन्नई ब्लिट्ज, बेंगलुरु टॉरपीडोज और कोलकाता थंडर बोल्ट्स के बीच कड़ी टक्कर हुई। आखिर में चेन्नई ने 22.5 लाख रूपये की बोली लगाकर उन्हें अपने पाले में किया। विनीत इससे पहले कालीकट हीरोज का हिस्सा थे।

चेन्नई ब्लिट्ज ने प्लैटिनम कैटेगरी से एम. अश्विन राज और समीर चौधरी (राइट टू मैच के तहत) को आठ लाख रूपये में खरीदा। मेजबान टीम कालीकट हीरोज ने स्थानीय खिलाड़ी शमीमुद्दीन को 22.5 लाख रूपये, अनुभवी सेटर मोहन उक्क्रापांडियन (राइट टू मैच) और संतोश एस को भी आठ-आठ लाख रूपये में टीम में शामिल किया। कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने भी नीलामी में दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विनीत कुमार को 22.5 लाख रूपये में खरीदा और उनके साथ अमल के थॉमस को 6.5 लाख रूपये में, इसके अलावा गोल्ड कैटेगरी से जसजोध सिंह को 14.75 लाख रूपये में खरीदकर सबको चौंका दिया।

## भारतीय स्क्वैश स्टार अनाहत सिंह ने जीते दो प्लेयर ऑफ द सीजन पुरस्कार

नई दिल्ली, 8 जून। भारत की नंबर वन महिला स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह को पीएसए अवाड्र्स 2024-25 में दोहरे पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने चैलेंजर वूमेंस प्लेयर ऑफ द सीजन अवार्ड के साथ मिस्र की अमीना ओरफी के साथ यंग वूमेंस प्लेयर ऑफ द सीजन का पुरस्कार भी साझा किया। 17 वर्षीय अनाहत सिंह की चैलेंजर सर्किट में निरंतरता और बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें 2024-25 स्क्वैश सीजन का बेहतरीन खिलाड़ी बना दिया। अगस्त में उन्होंने सीजन की शुरुआत अपने राष्ट्रीय खिताब को सफलतापूर्वक बचाव करते हुए और एचसीएल स्क्वैश टूर कोलकाता में जीत के साथ की थी। इस प्रदर्शन की बदौलत उन्हें पीएसए चैलेंजर प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीतने में मदद मिली। उन्होंने 11 प्रतियोगिताओं में कुल नौ खिताब जीते, जिनमें 3के, 9के, 12के और 15के स्पर्धा में आठ चैलेंजर-स्तर की जीत शामिल रही। अनाहत ने टूर पर 29 मैचों में अपराजित रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

इस वर्ष मार्च में मुंबई में आयोजित 15के-लेवेल स्पर्धा इंडियन ओपन में उन्होंने खिताब के सफर में अनुभवी जोशना चिनप्पा को हराया। इसके अलावा इस सीजन में उन्होंने जूनियर स्तर पर भी अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। इस दौरान उन्होंने जनवरी में ब्रिटिश जूनियर ओपन में अंडर-17 का खिताब जीता और भारत को हांगकांग चीन में एशियाई जूनियर टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक दिलाने में मदद की। शानदार फॉर्म की बदौलत उन्हें पीएसए रैंकिंग में शीर्ष 70 में पहुंचने में मदद की और उन्हें भारत की नंबर वन रैंक वाली महिला खिलाड़ी बना दिया।

## राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता के दूसरे दिन जैसलमेर, पाली जीते

### पहले दिन नरेन्द्र सिंह, मितेश जांगिड़, अजय गिगना, राहुल खंडेलवाल, हार्दिक मेवाड़ा, गौरव खत्री का शानदार प्रदर्शन



जयपुर, 8 जून। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा ने बताया बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 की पूर्व तैयारियों की लिए आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के निर्देशानुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा बीसीसीआई सीनियर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के आज श्रीगंगानगर में खेले गए मैचों में जैसलमेर, पाली जिला टीमें जीती।

पहला मैच - बिहाणी क्रिकेट ग्राउंड - (धौलपुर - पाली) पाली टीम 1 विकेट से जीती। पहले खेलते हुए धौलपुर टीम ने 241 रनो का स्कोर बनाया। टीम के लिए राहुल खंडेलवाल 51, अमित गौतम 34 व रजत बघेल 31 रनो का योगदान दिया। पाली के गेंदबाज हार्दिक मेवाड़ा 36/ 4, रोहित बंजारा 25/ 2 व विजय कुमावत 36 / 2 विकेट प्राप्त किये। मितेश जांगिड़ की नाबाद अर्धशतकीय पारी की सहायता से पाली ने 1 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की, टीम के लिए मितेश जांगिड़ नाबाद 92, नमन कटारिया 36, मनीष परमार 29 व रौनक भाटिया 24 रनो का योगदान दिया। धौलपुर के गेंदबाज देवांश सिंह 38 / 3 विकेट प्राप्त किये। दूसरा मैच - स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स टांटिया यूनिवर्सिटी - (बीकानेर - जैसलमेर) जैसलमेर 2 विकेट से जीती पहले खेलते हुए बीकानेर टीम ने अजय गिगना 67, कन्हयालाल 42, जयंत 41, रिजवान 46 व गौरव 36 रनो की सहायता से 247 रनो का स्कोर बनाया। जैसलमेर के गेंदबाज मोहित बोहरा 30 / 2, नरेंद्र सिंह 23 / 2, गणेश 66 / 2 व भुवन शर्मा 1 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य को जैसलमेर टीम ने नरेंद्र सिंह के नाबाद अर्धशतक की सहायता से 8 विकेट के नुकसान पर 248 रन बनाते हुए मैच में 2 विकेट से जीत दर्ज की। टीम के लिए नरेंद्र सिंह नाबाद 65, सिद्धार्थ पुरोहित 49, प्रेम पालीवाल 38 व भुवन शर्मा 21 रनो का योगदान देते हुए टीम को जीत दिलाई।

## खलील, अंशुल और तुषार ने इंडिया-ए को दिलाई 21 रनों की बढ़त

नॉर्थैंप्टन, 8 जून। खलील अहमद (चार विकेट), अंशुल काम्बोज और तुषार देशपांड़े (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत इंडिया ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को इंग्लैंड लायंस को 327 के स्कोर पर रोक कर 21 रनों की बढ़त दिला दी।

आज यहां इंग्लैंड लायंस ने कल के तीन विकेट पर 192 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। खलील अहमद ने जॉर्डन कॉक्स (45) को आउटकर इंडिया ए को चौथी सफलता दिलाई। खलील का अगला शिकार जेम्स रू (10) बने। इसके बाद उन्होंने जॉर्ज हिल (शून्य) और क्रिस वोक्स (पांच) को आउट कर इंग्लैंड लायंस को झकझोर दिया। हालांकि पिछल्लु बल्लेबाजों ने इंडिया ए के गेंदबाजों को उलझाये रखा। मैक्स होल्डेन (सात) को तुषार ने आउट किया।

फरहान अहमद (24) को नितीश कुमार रेड्डी ने आउट किया। 76वें ओवर की पांचवीं गेंद पर काम्बोज ने एडवर्ड जैक (16) को बोल्ड कर इंग्लैंड लायंस की पारी का 327 के स्कोर पर अंत किया। जॉश टंग (36) रन बनाकर नाबाद रहे। इंडिया ए की ओर से खलील अहमद ने चार विकेट लिये। अंशुल काम्बोज और तुषार देशपांड़े को दो-दो विकेट मिले। तनुष कोटियान और नितीश कुमार रेड्डी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## इरानी और पाओलिनी तथा ग्रैनोलर्स और डेबालोक की जोड़ी ने जीते फ्रेंच ओपन युगल के खिताब

पेरिस, 8 जून। इटली की सारा इरानी और स्पेन की जैस्मीन पाओलिनी की जोड़ी ने महिला वर्ग में तथा स्पेन के मार्सेल ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन युगल के खिताब अपने नाम किये। आज यहां खेले गये रोलैंड गैरोस के आखिरी महिला मैच में महिला वर्ग के फाइनल में मुकाबले में सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की जोड़ी कजाकिस्तान की अन्ना डैनिलिना और सर्बियाई अलेक्जेंड्रा क्रुनिक की जोड़ी को हराकर महिला युगल का खिताब जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त सारा इरानी और पाओलिनी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कजाकिस्तान की अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक की गैर-वरीयता प्राप्त सर्बिया की जोड़ी को दो घंटे 15 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 2-6, 6-1 से हराकर महिला युगल खिताब अपने नाम किया। यह इरानी का अपने करियर का छठा ग्रैंड स्लैम महिला युगल खिताब और दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब है। वही पुरुष युगल वर्ग में शनिवार रात खेले गये मुकाबले में मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस ने अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

## 60 से अधिक एथलीट्स का चयन

जयपुर, 8 जून । राजस्थान एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में जयपुर ज़िले की सीनियर एथलेटिक्स टीम का चयन ट्रायल एसएमएस स्टेडियम में आयोजित किया गया। ट्रायल में करीब 150 से अधिक एथलीट्स ने हिस्सा लिया। जिसमें से 60 का चयन किया गया। ये सभी चयनित एथलीट 18-19 जून को अजमेर में होने वाली राजस्थान राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे। चयन समिति के संयोजक कार्तिकेय शर्मा एवं डॉ. रामनिवास शर्मा ने बताया कि सभी चयनित खिलाड़ी 17 जून को अजमेर में रिपोर्ट करेंगे। एथलेटिक्सचैंपियनशिप के इवेंट 18 और 19 जून को होंगे।

## तैराकी प्रयियोगिता 13 से

उदयपुर, 8 जून। उदयपुर जिला तैराकी संघ उदयपुर के तत्वावधान में जिला स्तरीय जूनियर, सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता 13 से 15 जून को बीएन तरणताल पर होगी । संघ के सचिव दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि जूनियर ग्रुप प्रथम में 15 से 17 वर्ष जन्म वर्ष 2008, 2009, 2010 (अधिकतम 5 इवेन्ट्स), जूनियर ग्रुप द्वितीय में 13 से 14 वर्ष जन्म वर्ष 2011, 2012 (अधिकतम 5 इवेन्ट्स) तथा सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता ग्रुप तृतीय में 11 से 12 वर्ष जन्म वर्ष 2013 एवं 2014 (अधिकतम 5 इवेन्ट ) बालक / बालिका भाग ले सकेगे।

### वूशु सीनियर चैम्पियनशिप की जगह बदलने का मामला

## स्पोर्ट्स काउंसिल सचिव राजेन्द्र सिंह ने सुरक्षा का आश्वासन देने की बजाय इंडोर स्टेडियम का आवंटन ही निरस्त कर दिया : कटारिया




जयपुर, 8 जून । राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष हीरानन्द कटारिया ने स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव राजेन्द्र सिंह पर पलटवार करते हुए कहा कि बम की धमकी के कारण जगह बदलने को लेकर एक लेटर लिखा जिसमे साफ तौर पर कहा गया था कि भारतीय वूशु संघ एवं राजस्थान वूशु संघ के तत्वावधान में 14 से 19 जून तक एसएमएस स्टेडियम में 12 वर्ष बाद होने वाली 34वीं वूशु सीनियर (बालक -बालिकाएं) चैंपियनशिप के लिए इंडोर स्टेडियम को बुक करवाया गया था लेकिन बार बार (चार बार) बम होने की धमकी वाली मेल मिलने के कारण आयोजन समिति ने ये टूर्नामेंट किसी ओर जगह कराने का निर्णय लिया है।

सचिव राजेन्द्र सिंह ने सुरक्षा की गारंटी या आश्वासन देने की बजाय इनडोर स्टेडियम का आवंटन ही निरस्त कर दिया। इसीलिए राजस्थान वूशु संघ ने सुरक्षा के मद्देनजर टूर्नामेंट को एसएमएस स्टेडियम के बजाए अब पूर्णिमा कॉलेज में कराने का निर्णय लेना पड़ा। भारतीय वुशू संघ ने राजस्थान वूशु संघ से पूछा था कि अगर बम की धमकी वगैरह मिलती है तो क्या आप उस स्थिति में नेशनल चैंपियनशिप ऐन वक्त पर कहीं और शिफ्ट कर सकेंगे। इस स्थिति पर विचार करते हुए ही हमने चैंपियनशिप यूनिवर्सिटी में शिफ्ट की।

हीरानंद कटारिया, अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने स्पोर्ट्स काउंसिल के अधिकारियों पर आपसी सामंजस्य नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा कि स्पोर्ट्स काउंसिल की व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान खड़े करता है। इससे देशभर में स्पोर्ट्स काउंसिल के अधिकारियों के कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाता है। अब आवंटन निरस्त करने के बाद बदनामी के डर से ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं।



राजस्थान वुशु संघ
Rajasthan Wushu Association



राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद
सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर

विषय- आवंटन/अनुमति पत्र निरस्त करने बाबत।

(राजेन्द्र सिंह)
सचिव

## आईपीएल में विदेशी खिलाड़ियों का कैसा रहा प्रदर्शन दक्षिण अफ्रीकी बैटर्स ने 2500 से ज्यादा रन बनाए

नई दिल्ली, 8 जून। आईपीएल का पूरा नाम वैसे तो इंडियन प्रीमियर लीग है, लेकिन 18 सीजन में 13 बार प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड किसी न किसी विदेशी प्लेयर ने ही जीता। क्रिस गेल, सुनील नरेन, एबी डिविलियर्स, राशिद खान और लसिथ मलिंगा जैसे विदेशी प्लेयर्स ने इस लीग को और भी ज्यादा रोशन, चमकदार और फेमस बनाया।

विदेशी प्लेयर्स का दबदबा इस बार भी देखने को मिला। क्योंकि लीग में 33 रन और 36 विकेट विदेशी खिलाड़ियों ने ही निकाले। जबकि उनकी संख्या भारतीय प्लेयर्स की मुकाबले एक तिहाई ही रही। ऑक्शन में भी विदेशियों का बोलबाला रहता है। मेगा ऑक्शन में 639.15 करोड़ रुपए खर्च हुए, जिनमें 40 रकम यानी करीब 256 करोड़ रुपए 62 विदेशी प्लेयर्स के खातों में ही चले गए। जबकि 120 भारतीयों को बाकी 60 रकम मिली थी।

पर्पल कैप से 1 विकेट दूर रहे नूर अफगानिस्तान के चाइनामैन स्पिनर नूर अहमद ने लीग स्टेज के 14 मैचों में 24 विकेट लिए। उनकी टीम चेन्नई सुपर किंग्स प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी, अगर वे 1 विकेट और लेते तो पर्पल कैप होल्डर भी बन जाते। टूर्नामेंट में 18 प्लेयर्स ने 15 प्लस विकेट लिए, इनमें भारत के 13 और विदेश के 5 खिलाड़ी रहे। टॉप-5 विकेट टेकर में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान का 1-1 प्लेयर रहा। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को 63 विकेट, टॉप-2 में 3 बॉलर्स विदेशी प्लेयर्स की गेंदबाजी में ऑस्ट्रेलियन का दबदबा रहा। यहां के गेंदबाजों ने सबसे ज्यादा 63 विकेट झटके। जोकि ओवरसीज बॉलर्स के द्वारा लिए गए 296 विकेट का 21 है। विदेशी गेंदबाजों ने 5 बार पारी में 4 या इससे ज्यादा विकेट झटके। इनमें से 2 दफा यह कारनामा ऑस्ट्रेलियन ने किया। सीजन में विदेशी बॉलर्स की इकोनॉमी 9.47 रही है। ऑस्ट्रेलिया :जोश हेजलवुड ने 22 विकेट झटके हैं। वे के टॉप विकेट टेकर्स हैं। हैदराबाद से खेल रहे पैट कमिंस ने 16 और दिल्ली कैपिटल्स के लिए मिचेल स्टार्क ने 14 विकेट झटके। कुल 9 बॉलर्स ने हिस्सा लिया। ऑस्ट्रेलियंस ने 190.1 ओवर गेंदबाजी की और 9.72 की इकोनॉमी से रन खर्च किए। दो गेंदबाज पारी में 4 विकेट ले चुके हैं। इसमें मिचेल स्टार्क के पारी में 5 विकेट शामिल हैं।

# मुम्बई में तीन अवैध बाँग्लादेशियों को कैद की सजा

मुंबई, 08 जून। महाराष्ट्र में मुंबई की एक स्थानीय अदालत ने भारत में अवैध रूप से रह रहे बंगलादेश के तीन नागरिकों को तीन महीने की कैद की सजा सुनाई है और प्रत्येक पर 500 रुपये के जुर्माना लगाया है।

न्यायालय ने सजा अवधि पूरी होने के बाद तीनों को भारत से निर्वासित करने का आदेश भी दिया है।

- **अदालत ने सजा के बाद उन्हें भारत से निर्वासित किए जाने के भी आदेश दिये हैं।**

पुलिस के अनुसार नौ जनवरी को मलाड ईस्ट में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के पास एक होटल से एक बंगलादेशी पुरुष को गिरफ्तार किया गया था और सात मार्च को मलाड ईस्ट के कुरार गांव में स्थित ओमकार एसआरए बिल्डिंग के गेट के बाहर दो महिलाओं को पकड़ा गया था।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान इनमें से किसी के पास वैध दस्तावेज नहीं पाए गए।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से रविवार सुबह योग गुरु स्वामी रामदेव ने मुख्यमंत्री निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा पर विस्तृत चर्चा की।*

# कोलंबिया में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को गोली मारी

बोगोटा, 08 जून। कोलंबिया के सिनेटर एवं 2026 के चुनाव के लिये राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे तुर्बाय को बोगोटा में एक चुनावी रैली के दौरान गोली मार दी गई। वे गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। डेमोक्रेटिक सेंटर पार्टी के अनुसार, जब उरीबे तुर्बाय लोगों को संबोधित कर रहे थे, तभी कुछ हमलावरों ने पीछे से उन पर गोली चलायी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में उरीबे तुर्बाय को खून से लथपथ हालत में दिखाया गया। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें सिर में गोली लगी है। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुयी है। कोलंबिया के रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज़ ने बताया कि एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है और इस हमले में और कितने लोग शामिल थे इसकी जांच की जा रही है।

- **प्रत्याशी मिगुएल उरीबे तुर्बाय को एक चुनावी रैली में गोली मारी गई। वे गंभीर रूप से घायल हैं।**

# पायलट ने श्रद्धांजलि सभा की तैयारियों का जायजा लिया



*पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने दौसा में जीरोता मोड पर स्थित पायलट स्मारक पर राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर होने वाली श्रद्धांजलि सभा की तैयारियों का जायजा लिया।*

दौसा। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने रविवार को दौसा में जीरोता मोड पर स्थित पायलट स्मारक पर राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर होने वाली श्रद्धांजलि सभा की तैयारियों का जायजा लिया। ज्ञातव्य है कि 11 जून को राजेश पायलट की पुण्यतिथि मनाई जाएगी।

- **राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर 11 जून को सुबह 9 बजे राजेश पायलट स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा होगी।**

सुबह 9 बजे पायलट स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा होगी। सभा में प्रदेश के कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे। सभा की तैयारियों का जायजा लेने दौसा पहुंचे सचिन पायलट ने जिला अध्यक्ष रामजीलाल ओड़ व दौसा विधायक डीसी बैरवा से चर्चा की। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बीकानेर में कृषि विभाग ने 70 क्विंटल नकली बीज पकड़ा

## राज्य भर में चल रहे अभियान के तहत बीकानेर की दो नामी फर्मों पर यह कार्यवाही हुई

बीकानेर, (निसं) 8 जून। कृषि आदान गुणवत्ता नियंत्रण अभियान के तहत बीकानेर में कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 70 क्विंटल नकली बीज जब्त किया है। देर रात दो नामी फर्मों, चारभुजा एग्रो इंडस्ट्रीज और नेशनल क्रॉप साइंस पर छापे की कार्यवाही चली।

- **बीकानेर कृषि विभाग की टीम ने खारा, करनी इण्डस्ट्रियल एरिया, अनाज मंडी, बीछवाल व हुसनसर क्षेत्र में कई कृषि फर्मों व एजेंसियों पर छापा मारा। चार भुजा एग्रो इंडस्ट्रीज तथा नैशनल क्रॉप साइंस पर देर रात तक छापे की कार्यवाही चलती रही।**

निरीक्षण के दौरान अनियमितता मिलने पर 79 क्विंटल बीज और 18 क्विंटल बायोस्टिमुलेंट की बिक्री पर रोक लगा दी गई। किसानों को नकली बीजों से होने वाले नुकसान के मद्देनजर यह कार्रवाई बेहद जरूरी मानी जा रही है।

राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के सख्त निर्देशों के बाद राज्यभर में नकली खाद-बीज और कृषि आदानों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान की अगली कड़ी में बीकानेर में ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है।

अतिरिक्त निदेशक कृषि त्रिलोक कुमार जोशी के नेतृत्व में गठित टीम ने बीकानेर के खारा, करनी इंडस्ट्रियल एरिया, अनाज मंडी, बीछवाल व हुसनसर क्षेत्र की नामी कृषि फर्मों और एजेंसियों पर एक साथ दबिश दी। कार्रवाई के दौरान 70 क्विंटल नकली बीज तत्काल जब्त किया गया। बीज के 18 और उर्वरकों के 4 नमूने लिए गए। इस कार्रवाई में कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कैलाश चंद (संयुक्त निदेशक), मदन लाल, जयदीप दोगने, प्रेमाराम, मीनाक्षी शर्मा, सुभाष चंद्र, रामकिशोर मेहरा और कई अन्य कृषि अधिकारी व सहायक निदेशक शामिल थे।

## असम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

फंसे टैक्सी चालकों और कुछ स्थानीय लोगों को निकालने के लिए एक हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की है। स्थानीय लोगों और कुछ टैक्सी चालकों ने उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए प्रशासन से मांग की थी। जिसके बाद सरकार ने एक हेलीकॉप्टर किराए पर लिया। दरअसल भूस्खलन और लगातार बारिश के चलते कई इलाकों का सड़क संपर्क टूट गया है। एक अधिकारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर की उड़ान आज सुबह पाकयोंग ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे से शुरू हुई, जिसमें से पहला हेलीकॉप्टर चटेन की ओर रवाना हुआ, ताकि निकासी प्रक्रिया शुरू की जा सके।

## सोनिया ..

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दिल्ली में डॉक्टरों से सैकेण्ड ओपिनियन ले सकती हैं। हालांकि अभी वह पूरी तरह से स्वास्थ्य हैं। सोनिया गांधी 2 जून को ही शिमला आई थीं और यहां छराबड़ा में फार्म हाउस ठहरी थीं। उनकी बेटी प्रियंका गांधी उनसे 2 हफ्ते पहले ही यहां आ गई थीं। प्रियंका गांधी का शिमला से 13 किलोमीटर दूर छराबड़ा में एक फार्महाउस है।

# 'पूरी दुनिया भारत की चुनाव प्रणाली की प्रशंसा करती है'

## चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के, महाराष्ट्र चुनाव ''फिक्स'' होने के आरोप का जवाब दिया

नयी दिल्ली, 08 जून। चुनाव आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव फिक्स होने के आरोप का करारा जवाब देते हुए रविवार को कहा कि पूरी दुनिया जिस चुनाव प्रणाली की प्रशंसा करती है उसे बदनाम करने का प्रयास हास्यास्पद और अपने दल के राजनीतिक कार्यकर्ताओं का भी अपमान है।

गांधी ने शनिवार को एक अखबार में अपने लेख में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को फिक्स बताते हुए आयोग से अपने सवालों पर जवाब मांगा था जिस पर चुनाव आयोग ने आज कहा,सभी भारतीय चुनाव कानून के अनुसार संचालित होते हैं।

- **चुनाव आयोग ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा उठाये गये सवालों का जवाब गत वर्ष 24 दिसम्बर को कांग्रेस को दिया जा चुका है तथा सभी तथ्य आयोग की वैबसाइट पर उपलब्ध हैं।**

भारत में जिस पैमाने और जिस सटीकता के साथ चुनावों का संचालन होता है पूरी दुनिया में उसकी व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है। मतदाताओं द्वारा दिए गए किसी भी प्रतिकूल फैसले के बाद, यह कहकर निर्वाचन आयोग को बदनाम करने की कोशिश करना कि यह पहले से तय था, पूर्णतः हास्यास्पद है।

आयोग ने कहा कि किसी के भी द्वारा फैलाई गई कोई भी गलत सूचना न केवल कानून के प्रति अनादर है बल्कि इससे उनके स्वयं के राजनीतिक दल द्वारा नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों का भी अपमान होता है। इस तरह के प्रयास से वे लाखों चुनाव कर्मचारी भी हतोत्साहित होते हैं जो चुनावों के दौरान बिना थके और पारदर्शी तरीके से काम करते हैं।

गांधी को दिए अपने जवाब में आयोग ने यह भी कहा कि इस बारे में पहले उठाए गये सवालों का जवाब निर्वाचन आयोग पिछले वर्ष 24 दिसंबर को ही कांग्रेस को दे चुका है। आयोग ने जवाब में ये सभी तथ्य रखे थे जो आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। प्रतीत होता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते समय इन तथ्यों को नज़रअंदाज किया जा रहा है।

चुनाव आयोग ने , चुनाव फिक्स होने संबंधी राहुल गांधी के हर सवाल का बिंदुवार जवाब देते हुए खंडन किया है और कहा है कि जो भी आरोप लगाए गये हैं वे निराधार हैं।

# गोल्डी बराड व रोहित गोदारा लारैंस गैंग से अलग हुए

जालंधर, 08 जून। देश भर में बड़ी वारदातों को अंजाम देने वाली लॉरेंस गैंग में दरार आ गई है। बताया जा रहा है कि गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा ने लॉरेंस गैंग से किनारा कर लिया है। तथापि, अभी तक इस बारे में कोई पुष्टि नहीं हुई है। कहा जा रहा है कि पिछले कुछ समय से इनमें तनाव चल रहा है जिस कारण गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा ने खुद को लॉरेंस गैंग से अलग कर लिया है।

गौरतलब है कि जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग का लीडर है और गोल्डी बराड़ व रोहित गोदारा ने लॉरेंस के कहने पर भारत के कई राज्यों में वारजातों को अंजाम दिया है। तथापि,

- **चर्चा है कि गत कुछ समय से ये दोनों वारदातों की जिम्मेदारी खुद ले रहे हैं, लॉरेंस गैंग को नहीं दे रहे।**

अब उन्होंने लॉरेंस के बिना ही वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया है।

गैंग में अलगाव का सबूत उस समय मिला जब रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ ने कैनडा में व्यवसायी हरजीत सिंह धड्डा की हत्या के मामले में जिम्मेदारी ली पर उन्होंने लॉरेंस गैंग का जिक्र नहीं किया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तैयारियों के संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री का पुष्कर से विशेष लगाव है और हमें विश्वास है कि उनके आगमन से पुष्कर के सुनियोजित विकास का एक नया अध्याय शुरू होगा। सभी कार्यकर्ताओं को अपने दायित्वों का पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करना होगा।

# हाई कोर्ट ने हरियाणा के साथ जल विवाद में पंजाब की याचिका खारिज की

## पंजाब ने हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने के कोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका लगाई थी

चंडीगढ़ , 08 जून। पंजाब और हरियाणा के बीच भाखड़ा व्यास प्रबंधन बोर्ड से जुड़े जल विवाद में पंजाब सरकार को बड़ा झटका लगा है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें हरियाणा को पानी छोड़ने का निर्देश देने से संबंधित छह मई के उसके आदेश को वापस लेने या उसमें संशोधन करने का अनुरोध किया गया था। हाईकोर्ट ने 26 मई को पंजाब सरकार की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। पंजाब ने हाईकोर्ट से छह मई को उसके आदेश को वापस लेने या उसमें संशोधन करने का अनुरोध किया था।

- **पंजाब ने केन्द्र, हरियाणा व भाखड़ा व्यास प्रबंधन बोर्ड पर ''महत्वपूर्ण तथ्यों'' को छुपाने का आरोप लगाया था, जिसके कारण हाई कोर्ट ने पानी छोड़ने के आदेश की पालना करने के लिए कहा था।**

हाईकोर्ट ने पंजाब को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन के दो मई के फैसले के अनुसार हरियाणा को 4,500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट ने छह मई को पंजाब को निर्देश दिया था कि वह दो मई को केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक के फैसले का पालन करे। पंजाब ने केंद्र, हरियाणा और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) पर 'महत्वपूर्ण तथ्यों' को छिपाने का आरोप लगाया था, जिसके कारण छह मई को हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया। शनिवार को चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस सुमित गोयल की खंडपीठ ने पंजाब सरकार की याचिका खारिज कर दी।

# एलपीजी टैंकर-मिनी बस टक्कर में 22 यात्री झुलसे

मुंबई, 08 जून। महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में रविवार सुबह एलपीजी से लदे एक टैंकर और मिनी बस की टक्कर के बाद आग लगने से कुल 22 यात्री झुलस गये।

पुलिस ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए तत्काल रत्नागिरी जिला अस्पताल भेजा गया। कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार एलपीजी से लदा टैंकर अचानक मिनी बस से टकरा गया, जिससे मिनी बस पास की खाई में पलट गई। टैंकर से गैस रिसाव के कारण आग लग गई और तेजी से फैल गई तथा दोनों वाहनों व आसपास के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। मिनी बस महाराष्ट्र राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एमएससीईआरटी) द्वारा आयोजित एक अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले शिक्षकों को ले जा रही थी। पुलिस ने बताया कि आग ने आस-पास के घरों, बगीचों, वाहनों (जिनमें कार, दोपहिया वाहन और रिक्शा शामिल हैं) को भी काफी नुकसान पहुंचाया।

# भारतीय दम्पत्ति को न्यूज़ीलैंड के राष्ट्रीय सम्मान के लिए चुना गया

- **सुनीत प्रकाश व उनकी पत्नी ललिता को सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग व भारतीय प्रवासियों की सेवा के लिए न्यूज़ीलैंड ऑर्डर ऑफ मैरिट के लिए चुना गया।**

मुंबई, 08 जून। महाराष्ट्र के सुनीत प्रकाश और उनकी गुजराती पत्नी ललिता कासंजी (दोनों न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया के दोहरे नागरिक) को सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग और वहां के भारतीय प्रवासियों की सेवा करने को लेकर न्यूज़ीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट के सदस्य सम्मान के लिए चुना गया है।

गौरतलब है कि न्यूज़ीलैंड का यह पुरस्कार भारत के शीर्ष पद्म राष्ट्रीय पुरस्कारों के समान है। भारतीय मूल के इन दोनों सदस्यों को न्यूज़ीलैंड की गवर्नर-जनरल डेम सिंडी कीरो द्वारा जल्द ही सम्मानित किया जाएगा। कीरो यूनाइटेड किंगडम के राजा चार्ल्स तृतीय की प्रतिनिधि हैं। न्यूज़ीलैंड ब्रिटिश सम्राट को अपने राष्ट्राध्यक्ष के रूप में मान्यता देता है। न्यूज़ीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट नामक पुरस्कारों के व्यापक समूह की स्थापना 30 मई, 1996 को तत्कालीन ब्रिटिश सम्राट महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा जारी एक रॉयल वारंट द्वारा की गई थी। किसी भी क्षेत्र में, क्राउन और राष्ट्र के लिए सराहनीय सेवा देने या अपनी प्रतिष्ठा, प्रतिभा, योगदान या अन्य योग्यताओं के कारण प्रतिष्ठित होने वालों को यह सम्मान दिया जाता है। वर्ष 1996 से न्यूज़ीलैंड ने केवल 15 आईटी जादूगरों को ऐसा सम्मान दिया है, लेकिन यह पहली बार है जब यह भारतीय समुदाय के सदस्यों को दिया गया है।

## दिल्ली ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आंधी और बारिश के दौरान लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली थी, लेकिन अब एक बार फिर गर्मी के थपेड़े पड़ने वाले हैं। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तापमान में बढ़ोतरी हो रही है और जल्द हीटवेव चलने वाली है। राज्य के 4 जिलों, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और गंगानगर में लू चलने का अलर्ट भी जारी किया गया है।

# एनडीए की मजबूती के लिए बिहार की हर सीट पर चुनाव लड़ेंगे : चिराग पासवान

## आरा में जनसभा में चिराग ने खुद के विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा को नकार दिया

भोजपुर, 08 जून। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इस सिलसिले में केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख, चिराग पासवान ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और यह लड़ाई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को मजबूत करने के उद्देश्य से लड़ी जाएगी। भोजपुर जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही।

- **लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि उनकी पार्टी बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी, ताकि एनडीए को मजबूती मिले।**

चिराग पासवान ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी किसी भी तरह से एनडीए से अलग नहीं है, बल्कि उनका लक्ष्य गठबंधन को और अधिक मजबूती देना है। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी और मैं बिहार की 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे ताकि एनडीए को मजबूती मिले और हम एकजुट होकर विजय की ओर बढ़ें। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी दोहराया उनकी पार्टी हमेशा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास रखती है।

भोजपुर की सभा में चिराग पासवान ने तथाकथित जंगलराज पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब हम जंगलराज की बात करते हैं, तो लोग इसे केवल आरजेडी से जोड़कर देखते हैं। लेकिन सच यह है कि इसके लिए कांग्रेस भी बराबर की जिम्मेदार है।

सभा के दौरान चिराग पासवान ने एनडीए सरकार द्वारा सामाजिक न्याय के पुरोधा कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' दिए जाने को एक ऐतिहासिक कदम बताया। पासवान ने भोजपुर के आरा शहर में लंबे समय के बाद एक बड़ी सभा को संबोधित किया। चिराग ने विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलों पर भी विराम लगाते हुए कह दिया कि बिहार से नहीं, बल्कि बिहार के लिए विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। सभा में हजारों की संख्या में भोजपुर सहित कई जिलों से कार्यकर्ता और समर्थक आरा पहुंचे थे।

कहा जा रहा है कि लोक जनशक्ति पार्टी ने विधानसभा चुनाव की तैयारी की अनौपचारिक घोषणा कर दी है। चिराग ने नवसंकल्प महासभा के नाम सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में चिराग के साथ पार्टी के सभी पांच सासंद, प्रदेश अध्यक्ष, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान मौजूद रहे थे। लेकिन बिहार से नहीं बल्कि बिहार के लोगों के लिए और बिहार के लिए चुनाव लड़ेंगे।

## सैटेलाइट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इसी तरह पाकिस्तान ने नलिया एयरबेस की एक तस्वीर प्रसारित की, जिसमें रनवे के आसपास की मिट्टी काली होती दिखाई दे रही थी, जो बमबारी का संकेत देती है। हाई-रिजॉल्यूशन हमले के बाद की तस्वीरों की समीक्षा करने पर पुष्टि हुई कि साइट पर कोई हमला नहीं हुआ है। नुकसान की तस्वीर के ऊपर बादल की छाया थी। एअरबेस का बुनियादी ढ ांचा पूरी तरह से सुरक्षित है।

एक अन्य दावे में पाकिस्तान ने कहा कि आदमपुर में एस-400 बैटरी को उसने निशाना बनाया था। सैटेलाइट इमेज को बहुत ज्यादा एडिट किया गया था, जिसमें मिसाइल के प्रभाव वाले गड्ढों की नकल करने के लिए काले धब्बे लगाए गए थे। साइमन ने कहा कि मौजूदा सैटेलाइट इमेजरी से तुलना करने पर, उस स्थान पर ऐसे कोई निशान या क्षति दिखाई नहीं दे रही थी। यह जानबूझकर की गई हेराफेरी का एक और उदाहरण था।

## 'प्रधानमंत्री मोदी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बताने वाला चर्चित दावा भी किया था। लेकिन अब तक उन्होंने कभी भी बिना एडिटिंग, बिना स्क्रिप्ट वाली एक भी असली प्रेस मीटिंग करने का साहस नहीं दिखाया।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा, यह व्यवहार पूर्व प्रधानमंत्रियों से बिल्कुल उलट है। वे तो लगभग हर दूसरे महीने बेधड़क प्रेस कॉन्फ्रेंस करते थे, जहां उनसे कठोर सवाल पूछे जाते थे और वे गंभीरता तथा संयम से जवाब देते थे। हमारे लोकतंत्र की बुनियादें ऐसी ही संवाद परंपराओं से मजबूत हुई है।

# देश में 24 घंटे में करोना के 400 नये मामले आये

नयी दिल्ली, 08 जून। देश के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के लगभग 400 नये मामले सामने आये जिसके बाद इस संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या 6,000 हो गयी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान देश में इस संक्रमण से छह लोगों की मौत हुयी, जिनमें से तीन मौतें केरल में हुयीं। अभी तक, भारत में 6,133 सक्रिय मामले हैं और कुल मौतों का आंकड़ा 65 है। केरल में सक्रिय मामलों की संख्या 2,000 के करीब पहुंच गयी है और यह इस संक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला राज्य बन गया है। पिछले 24 घंटों में राज्यों से 378 नए मामले सामने आये। केरल के बाद गुजरात इस मामले में दूसरे स्थान पर है। यहां सात जून से आठ जून के बीच संक्रमण के 105 नये मामले दर्ज किये गये। राज्य में कोरोना वायरस के सक्रिय मामलों की संख्या 820 से अधिक हो गयी है।

- **इस अवधि में देश में 6 मौतें हुई, जिनमें से 3 केरल में थीं।**

पश्चिम बंगाल में 71 नये मामले सामने आये, जिससे इसके सक्रिय मामलों की संख्या 693 हो गयी। दिल्ली में इस संक्रमण के 21 नये मामले दर्ज किये गये, जिसके बाद यहां पर सक्रिय मामलों की संख्या 686 तक पहुंच गयी। कर्नाटक में कोविड-19 के 75 नये मामले दर्ज किये गये। राज्य में अब तक इस संक्रमण से 366 लोग प्रभावित हुये हैं। महाराष्ट्र 600 मामलों के आंकड़े को छू रहा है।

केरल में हुयी तीन मौतों में 51 वर्षीय एक मरीज ने किडनी ट्रांसप्लांट करायी थी। एक 64 वर्षीय व्यक्ति मधुमेह, कैंसर और किडनी की बीमारी से पीड़ित था और एक 92 वर्षीय व्यक्ति हृदय रोग और कैंसर से ग्रस्त था। सभी को श्वसन संबंधी जटिलताएं थीं और उनका कोविड-19 परीक्षण पॉजिटिव आया था। कर्नाटक में दो मौतें हुईं, जिनमें 46 वर्षीय और एक 78 वर्षीय पुरुष शामिल हैं।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

# वंदे गंगा

## जल संरक्षण - जन अभियान

**5 जून से 20 जून 2025**

मुख्य अतिथि


## श्री भजनलाल शर्मा

माननीय मुख्यमंत्री

**अपराह्न 12:00 बजे | पुष्कर, अजमेर** **सोमवार, 9 जून 2025** **दोपहर 3:00 बजे | जवाजा, ब्यावर**











गरिमामय उपस्थिति

**श्री भागीरथ चौधरी**
माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री

**श्री वासुदेव देवनानी**
माननीय अध्यक्ष
राजस्थान विधानसभा

**श्री सुरेश सिंह रावत**
माननीय जल संसाधन मंत्री

**जल संचय जन भागीदारी : जन जागरूकता की ओर**

JICA

जल संसाधन विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद